Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 | अंक: 31 | जयपुर, गुरूवार, 04 जुलाई 2024 | पृष्ठ:8 | मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

राज्यसभा में पीएम मोदी की स्पीच, विपक्ष का वॉकआउट, पीएम बोले

## पेपर लीक के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं, मणिपुर की स्थिति सामान्य हो रही है

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री नीट, मणिपुर संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, सीबीआई-ईडी, फ़ेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा, राहुल, दलितों पर बोले। प्रधानमंत्री मोदी जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट किया। वॉकआउट प्रधानमंत्री द्वारा सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद हुआ। उन्होंने कहा- ये लोग ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। पीएम ने कहा- कल उनकी सारी हरकतें फ़ेल हो गईं, इसलिए वे मैदान छोड़कर भाग गए। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है। पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। मेरी इच्छा थी, सारे दल इस पर अपनी राय रखते। लेकिन यह मुद्दा भी इन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दी। मैं देश के नौजवानों को आश्वस्त करता हूं कि आपको धोखा देने वालों को यह सरकार छोड़ने वाली नहीं है। इन्हें सख्त सजा मिले, इसलिए एक के बाद एक एक्शन लिए जा रहे हैं।



### मणिपुर में लगातार हिंसक घटनाएं कम हो रही

पीएम बोले, हमने इसके लिए सख्त कानून बनाया है। मणिपुर में लगातार हिंसक घटनाएं कम हो रही हैं। स्कूल-कॉलेज, दफ्तर और अन्य संस्थान चल रहे हैं। मणिपुर में भी परीक्षाएं हुई हैं। जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डाल रहे हैं, एक समय आएगा जब मणिपुर उन्हें रिजेक्ट कर देगा। जो लोग मणिपुर का इतिहास जानते हैं, उन्हें पता है कि वहां सामाजिक संघर्ष का इतिहास रहा है। इन्हीं कारणों से मणिपुर में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। मैं इस सदन में देश को बताना चाहता हूं कि 1993 में मणिपुर में ऐसी ही घटनाएं हुई थीं, जो 5 साल चली थीं। यह इतिहास समझकर हमें स्थितियों को ठीक करना है। बहुत सी पार्टियां उनके (कांग्रेस के) साथ बैठी हैं, वह अल्पसंख्यकों की हितैषी होने का दावा करती हैं। वे मुजफ्फरनगर तुर्कमान गेट पर क्या हुआ, उसको क्लीन चिट देती है। ऐसे लोग हाथ में संविधान की कॉपी लेकर अपने काले कारनामे छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। आपातकाल एक राजनीतिक संकट नहीं था।

### लोकतंत्र संविधान के साथ-साथ एक मानवीय संकट भी था

लोकतंत्र संविधान के साथ-साथ एक मानवीय संकट भी था। अनेक लोगों की मौत हुई। जय प्रकाश नारायण की हालत ऐसी थी कि वे जेल से आकर कभी ठीक नहीं हो पाए। वो दिन ऐसे थे, जो कुछ लोग घर से निकले वे लौटकर नहीं आए। उनके शव तक नहीं मिले। जिन्हें सजा मिली है, उनके साथ ये (कांग्रेस नेता) तस्वीरें निकाल रहे हैं। जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो ये हंगामा कर रहे हैं। यहां केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए कि सरकार इनका दुरुपयोग कर रही है। भ्रष्टाचार करे आम आदमी पार्टी (इइघ), शराब घोटाला करे इइघ, बच्चो के काम में घोटाला करे इइघ। इइघ की शिकायत करे कांग्रेस और इइघ को कोर्ट में ले जाए कांग्रेस। कार्रवाई हो तो गाली मोदी को। अब इइघ और कांग्रेस साथी बन गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनाव के लिए नहीं लड़ता, ये मेरा मिशन है। जम्मू कश्मीर में मतदान के आंकड़ों ने पिछले 4 दशक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह भारत के संविधान और लोकतंत्र को स्वीकृति देते हैं। देशवासी जिस पल की प्रतीक्षा करते थे, वो आज सहज है। पहले बंद-हड़ताल, आतंकी धमकियां, धमाके की कोशिशें होती थीं। इस बार लोगों ने संविधान पर विश्वास जताकर अपने भाग्य का फैसला लिया है। 2013 में मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि कांग्रेस से लड़ना आसान नहीं है। जेल में डाल देगी, सीबीआई पीछे लगा देगी।

वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया के ग्रैंड वेलकम की तैयारी

## सुबह पीएम के साथ ब्रेकफास्ट, फिर मुंबई में रोड-शो, शाम को वानखेड़े में सम्मान

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया गुरुवार सुबह 5 से 6 बजे के बीच बारबाडोस से दिल्ली पहुंचेगी। देश में टीम के ग्रैंड वेलकम की तैयारी की जा रही है। यह स्वागत 17 साल पहले टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली धोनी की बिग्रेड की तरह ही होगा। टीम इंडिया एयरपोर्ट से पहले होटल जाएगी। इसके बाद पीएम आवास पहुंचेगी। मोदी के साथ ब्रेकफास्ट करेगी। इसके बाद मुंबई रवाना होगी। यहां भी 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीतने वाली धोनी की टीम के तर्ज पर शाम 5 बजे नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक ओपन रूफ बस में टीम की विक्ट्री परेड होगी। फिर सम्मान समारोह में कैश प्राइज दिया जाएगा। टीम इंडिया तूफान की वजह से बारबाडोस में तीन दिन फंसी रही थी। उएएक्रने खिलाड़ियों को लाने के लिए स्पेशल विमान भेजा है। इस प्लेन का नाम ‘चैंपियंस 24 वर्ल्ड कप‘ रखा गया है। वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने बताया कि खिलाड़ियों के अलावा हम वहां फंसे मीडिया कर्मियों को भी वापस ला रहे हैं। बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने एक सोशल पोस्ट में लिखा- टीम इंडिया के ऑनर में होने जा रही विक्ट्री परेड में हमारा साथ दें और गुरुवार शाम 5 बजे मरीन ड्राइव और वानखेड़े में



हमारे साथ सेलिब्रेट करें। साल 2019 में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने एक कार्यक्रम में 2007 की वर्ल्ड चैंपियन टीम के यादगार स्वागत को याद किया था। धोनी ने उन पलों को याद करते हुए था- ‘हम 2007 में (टी20) वर्ल्ड कप जीतकर भारत आए और हमने खुली बस में यात्रा की और हम मरीन ड्राइव (मुंबई) में खड़े रहे। हर तरफ जाम लगा था और लोग हमारे स्वागत के लिए अपनी कारों में आए थे। मुझे हर किसी के चेहरे पर खुशी देखकर अच्छा लगा था, क्योंकि फैंस में कई ऐसे लोग रहे होंगे, जिनकी उड़ान छूट गई होगी, हो सकता है कि वे किसी महत्वपूर्ण काम से जा रहे हों। वह शानदार स्वागत था। पूरा मैरीन ड्राइव एक छोर से दूसरे छोर तक भरा था। 2007 में भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने ओपन रूफ बस में विजयी जुलूस निकाला था।

राहुल गांधी के घर के बाहर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

## हिंदूवादी संगठनों के हंगामा करने की आशंका, संसद में राहुल के बयान से नाराज हैं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पुलिस को मंगलवार को ऐसे इनपुट मिले हैं कि हिंदूवादी संगठन उनके घर के बाहर हंगामा कर सकते हैं। इसके चलते पैरामिलिट्री का एक प्लाटून राहुल के घर के बाहर तैनात किया गया है, जिसमें स्थानीय पुलिस भी शामिल है। सोमवार को राहुल ने लोकसभा में भाजपा के खिलाफ जो भाषण दिया था, उसके चलते संसद में काफी हंगामा हुआ था। राहुल के भाषण को लेकर हिंदूवादी संगठनों में नाराजगी है, जिसकी वजह से पुलिस को शक है कि प्रदर्शनकारी उनके घर के बाहर पोस्टर और होर्डिंग लेकर जुट सकते हैं। बुधवार को दिल्ली भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संसद में भाजपा के खिलाफ दिए बयानों को लेकर उनके घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था और मांग की थी कि राहुल माफी मांगें। कार्यकर्ता जैसलमेर हाउस के पास जमा हुए थे और उन्होंने यहां से अकबर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय की तरफ मार्च किया था। इस दौरान वे राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। राहुल गांधी ने लोकसभा में जय संविधान के साथ अपनी स्पीच शुरू की। कहा- अच्छा लग रहा है कि हर दो-तीन मिनट



पर बीजेपी के लोग संविधान-संविधान कर रहे हैं। हमने देश के लोगों के साथ मिलकर इसकी रक्षा की है। पूरा विपक्ष आइडिया ऑफ इंडिया को बचा रहा है। मुझ पर फर्जी मुकदमे किए गए। ईडी ने पूछताछ की, अफसर भी हैरान थे। इंडिया ब्लॉक के नेताओं को जेल में रखा है। ओबीसी-एससी-एसटी की बात करने वालों पर मुकदमे किए जा रहे हैं। भगवान शिव की तरह कांग्रेस पार्टी भी अभय मुद्रा में है। मुस्लिम, सिख धर्म में भी अभय मुद्रा दिखाई देती है। राहुल ने कहा कि हिंदू डर नहीं फैला सकता। उन्होंने फिर शिवजी की तस्वीर लहराई और कहा कि बीजेपी डर फैला रही है। अयोध्या से शुरू करता हूं। राहुल के इतना कहने पर अमित शाह खड़े हुए और कहा कि नियम इन पर लागू नहीं होता क्या।

### राहुल को जेड+ सिक्योरिटी मिली हुई है

राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। इसके अलावा सीआरपीएफ के जवान भी उन्हें एल कैटेगरी (एडवांस्ड सिक्योरिटी) मिली है। 2019 तक गांधी परिवार को एसपीजी यानी स्पेशन प्रोटेक्शन ग्रुप कवर मिला हुआ था। 9 नवंबर 2019 को केंद्र सरकार ने गांधी परिवार के तीनों सदस्यों- सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा से एसपीजी सुरक्षा वापस लेने का ऐलान किया था। इसके बाद से उन्हें सीआरपीएफ के कमांडो की जेड+ सुरक्षा दी गई।

हाथरस हादसे पर भोले बाबा बोला- मैं निकल गया था

## अराजक तत्वों ने भगदड़ कराई, अब तक 122 मौतें, न्यायिक आयोग करेगा जांच

■ संजीवनी टुडे

हाथरस। यूपी के हाथरस में भगदड़ के 24 घंटे बाद भोले बाबा का पहला बयान आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह के जरिए लिखित बयान जारी किया, जिसमें लिखा कि मैं जब समागम से निकल गया, इसके बाद हादसा हुआ। असामाजिक तत्वों ने भगदड़ मचाई। इन लोगों के खिलाफ लीगल एक्शन लूंगा। घायलों के स्वस्थ होने की कामना करता हूं। सत्संग के बाद हुई भगदड़ में 122 लोगों की मौत हुई है। इनमें 112 महिलाएं, 7 बच्चे ओर 3 पुरुष शामिल हैं। 4 जिलों- हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में रातभर शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ। परिजन अपनों की लाश को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। प्रशासन ने अब तक 121 मौत की पुष्टि की है। हादसा मंगलवार दोपहर 1 बजे फुलरई गांव में हुआ। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे सीएम योगी भी हाथरस पहुंचे। जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और घटनास्थल पर गए। अफसरों से पूरे हादसे की जानकारी ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- यह हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गए, सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की।



### 80 हजार की परमिशन, पहुंचे ढाई लाख

एफआईआर के मुताबिक, प्रशासन ने सत्संग के लिए 80 हजार लोगों की अनुमति दी थी, लेकिन ढाई लाख लोग पहुंच गए। भगदड़ हुई तो सेवादार गेट पर खड़े हो गए। उन्होंने लोगों को रोक दिया। इसके बाद भीड़ खेतों की तरफ मुड़ गई और नीचे बैठे और झुके श्रद्धालुओं को कुचलती हुई निकल गई। प्रशासन और सेवादार खड़े होकर देखते रहे। प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सेवादारों ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया। हमने भी कुंभ जैसे बड़े आयोजन किए, लेकिन ऐसी चीजें नहीं हुईं। सीएम ने कहा- जांच के लिए ट्टत्रह्व का गठन किया है। हाईकोर्ट के रिटायर जज बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया है। आयोग दो माह में अपनी जांच पूरी करने के बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट देगा। इधर, बुधवार दोपहर हादसे में प्रशासन की पहली रिपोर्ट सामने आई। इसमें कहा गया है कि हादसा भोले बाबा के चरणों की धूल लेने की वजह से हुआ। बाबा के सेवादारों ने लोगों से धक्का-मुक्की की। इससे भगदड़ मच गई। प्रयागराज के वकील गौरव द्विवेदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में ?घ्क्रख्र दायर करके हादसे की एउक्रजांच की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट में वकील विशाल तिवारी ने भी एक पीआईएल दाखिल की। इसमें रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 5 विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच की मांग की गई है।

## झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा

■ संजीवनी टुडे

### 152 दिन का रहा कार्यकाल, आज शाम सीएम पद की शपथ ले सकते हैं हेमंत सोरेन

रांची। जेल से बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम 7.20 बजे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफ़े के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। चंपाई सिर्फ 152 दिन झारखंड के सीएम रहे। 2 फरवरी 2024 को वे सीएम बने थे। चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन का जो फैसला था उसी के अनुसार मैंने काम किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई जी ने अपनी बात कह दी है। ये गठबंधन का फैसला है। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। अब राज्यपाल कभी भी हेमंत सोरेन को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इससे पहले रांची में एख्र हाउस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। सभी विधायकों को सीएम हाउस में ही रहने को कहा गया है। चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन का जो फैसला था उसी के अनुसार मैंने काम किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई जी ने अपनी बात कह दी है। ये गठबंधन का फैसला है। जेल से बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम 7.20 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफ़े के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। अब राज्यपाल कभी भी हेमंत सोरेन को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।



महामंडलेश्वर बोले- श्रीकृष्ण ने 16000 शादियां कीं, चरित्रहीन कौन

## निरंजनी अखाड़े के ब्रह्मर्षि से उज्जैन के संत नाराज, बोले-उन्हें पद से हटाया जाए

■ संजीवनी टुडे

उज्जैन। कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की राधा रानी पर टिप्पणी से सीहोर से मथुरा तक हंगामा मचा। उन्होंने बरसाना के मंदिर में नाक रगड़कर माफी मांगी। ये मसला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ है कि अब निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी की भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर टिप्पणी सामने आई है। इसका वीडियो सामने आने के बाद उज्जैन के संतों ने कुमारस्वामी पर प्रतिबंध लगाने और महामंडलेश्वर पद से हटाने की मांग की है। राजस्थान के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी गुरुदेव के नाम से जाने जाते हैं। वायरल वीडियो में वे कहते दिख रहे हैं- ‘चरित्रहीन कौन है? भगवान कृष्ण। 1 शादी कर ली, 2 कर ली, 15 कर ली, 16 कर लो... बहुत है, कितनी कर ली? 16000...ये कोई चरित्र है। कुमारस्वामी के अनुयायियों का कहना है कि यह 2022 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दिए गए प्रवचन का वीडियो है। ओरिजनल वीडियो में काट-छांट की गई है। उनके गुरु भगवान श्री कृष्ण के भक्त हैं। वे सनातन धर्म को मानने वाले हैं। राधा रानी वाले बयान पर विवाद के 20 दिन बाद पंडित प्रदीप मिश्रा ने बरसाना पहुंचकर माफी मांग ली.. वो भी नाक रगड़कर।

### महामंडलेश्वर पद से हटाने की मांग

उज्जैन के संत महामंडलेश्वर सुमनानंद ने कहा, ‘सनातन क्षेत्र में कार्य करने वाले ही सनातन के विपरीत बयान दे रहे हैं। ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी 25- 30 साल से धर्म के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि वे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं और भगवान कृष्ण को चरित्रहीन कह रहे हैं। मैंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखा है कि चारों कुंभ में इनका आना निषेध करें। इनकी महामंडलेश्वरी खत्म करना चाहिए।‘ महामंडलेश्वर सुमनानंद इससे पहले कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ भी शिकायत दर्ज करवा चुके हैं।



### हिमांगी सखी वृंदावन पहुंचकर जता चुकीं विरोध

किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी भी ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी के बयान से नाराज हैं। एक हफ्ते पहले 26 जून को उन्होंने वृंदावन पहुंचकर विरोध जताया। वृंदावन के नगर निगम चौराहे के पास पुतला जलाने का प्रयास भी किया। इतने में दिल्ली से कुमारस्वामी के अनुयायी आ गए। उन्होंने पुतला छीन लिया। हिमांगी सखी ने कहा, ‘हम भगवान कृष्ण की सखियां हैं। इस तरह के बयान देने वालों का विरोध करती हैं। पं. प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचन में कहा था- राधा के पति का नाम अनय घोष, उनकी सास का नाम जटिला और ननद का नाम कुटिला था। राधा जी का विवाह छाता में हुआ था। राधा जी बरसाना की नहीं, रावल की रहने वाली थीं। बरसाना में तो राधा जी के पिता की कचहरी थी, जहां वह सालभर में एक बार आती थीं।‘ 29 जून शनिवार को पंडित मिश्रा का बरसाना पहुंचने का पहले से कोई कार्यक्रम तय नहीं था। वे 28 जून की रात को अचानक दिल्ली रवाना हुए। 29 जून सुबह दिल्ली पहुंचे।

इस बार जगन्नाथ रथयात्रा 2 दिन की

## 7 जुलाई की शाम को शुरू होगी यात्रा, 8 को गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे रथ, 1971 के बाद ऐसा हुआ

■ संजीवनी टुडे

पुरी। इस साल पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा दो दिन चलेगी। जगन्नाथ मंदिर का पंचांग बनाने वाले ज्योतिषी का कहना है कि इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष में तिथियां घट गई। जिसके चलते रथयात्रा से पहले होने वाली पूजा परंपराएं 7 जुलाई की शाम तक चलेंगी। रथयात्रा की तिथि में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए सुबह शुरू होने वाली रथयात्रा शाम को शुरू होगी। इससे पहले 1971 में भी ऐसा ही हुआ था। ज्योतिषी डॉ. ज्योति प्रसाद का कहना है, 7 जुलाई को दिनभर पूजा परंपराएं चलेंगी और शाम को 4 बजे के आसपास रथयात्रा शुरू होने की संभावना है। सूर्यास्त के बाद रथ नहीं हांके जाते हैं, इसलिए रथ रास्ते में ही रोके दिए जाएंगे। 8 को सुबह जल्दी रथ चलना शुरू होंगे और इसी दिन गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे। हर साल जेठ महीने की पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ को स्नान करवाया जाता है। इसके बाद वो बीमार हो जाते हैं और आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष के 15 दिनों तक दर्शन नहीं देते। 16वें दिन भगवान का श्रृंगार किया जाता है और नवयौवन के दर्शन होते हैं। इस बार तिथियों की गड़बड़ी के चलते ये पखवाड़ा 15 की बजाय 13 दिन का ही रहा। इसी कारण भगवान के ठीक होने का दिन रथयात्रा वाली तिथि को पड़ रहा है। अब 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ के नवयौवन श्रृंगार के दर्शन होंगे। इसके साथ नैत्रोत्सव भी होगा। रथयात्रा की तिथि बदली नहीं जा सकती, इसलिए श्रृंगार और नैत्रोत्सव के बाद रथयात्रा से जुड़ी पूजा शुरू होगी। इन विधियों के चलते देरी होने से सूर्यास्त के पहले ही भगवान को रथों पर स्थापित कर रथों को खींचा जाएगा। दो दिन रथयात्रा होने के कारण ओडिशा सरकार ने भी दो दिनों के लिए सरकारी छुट्टी का ऐलान किया है। मंगलवार को पुरी में आयोजित की गई समीक्षा बैठक में सीएम मोहन चरण माझी ने 7 और 8 जुलाई को सरकारी दफ्तर, स्कूल-कॉलेज बंद करने की घोषणा की।

बात करने से मना किया तो छात्रा पर एसिड फेंका

## लखनऊ में भाई की काउंसिलिंग करवाने मेडिकल कॉलेज जा रही थी, आधा चेहरा झुलसा

■ संजीवनी टुडे

लखनऊ। लखनऊ में छात्रा पर युवक ने एसिड फेंक दिया। वह अपने मौसेरे भाई की काउंसिलिंग करवाने जा रही थी मेडिकल कॉलेज जा रही थी। दोनों सड़क पर खड़े थे इसी दौरान एक युवक आया और छात्रा के ऊपर एसिड फेंक दिया। वारदात चौक इलाके के लोहिया पार्क के पास सुबह 8 बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भाई-बहन को खक्क्रख्रठ भर्ती करवाया। दोनों को प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा के चेहरे का एक हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी दुर्गेश कुमार ने बताया- एक अज्ञात युवक ने भाई-बहन पर एसिड फेंका है। दोनों को खक्क्रख्रठ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। दोनों खतरे से बाहर हैं। संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच पड़ताल की जा रही है। एमबीबीएस के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. विजय कुमार ने बताया- लड़की के चेहरे का एक हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है। जबकि उसके भाई की पीठ झुलस गई है।

### भाई -बहन सड़क पर खड़े थे



दिलाराम बारादरी चौपटिया निवासी शरद तिवारी पुत्र लल्लन प्रसाद तिवारी व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं। बुधवार को उनकी लड़की खुशी (20) अपने मौसेरे भाई हर्ष तिवारी की काउंसिलिंग करवाने गई थी। हर्ष केजीएमयू में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का छात्र है। खुशी ने उउइ किया है। भाई-बहन रामलीला ग्राउंड के सामने सड़क पर खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी एक लड़का आया और उनसे बातचीत करने का प्रयास करने लगा। इस पर भाई-बहन ने उसको भगा दिया, लड़का कुछ दूर जाने के बाद वापस आकर खुशी के ऊपर एसिड फेंक दिया। बीच-बचाव करने में हर्ष भी झुलस गया। परिवार के लोगों ने बताया कि आरोपी अमन वर्मा कुछ दिनों से छात्रा को फोन करके परेशान कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के नाम की पुष्टि नहीं की है। दोनों को डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है। पीड़िता के फूफा मनोज मिश्रा ने बताया- कुछ महीने पहले मेडिकल कॉलेज में रैंगिंग से परेशान एक छात्र ने सुसाइड कर लिया था।

## खबरें फटाफट

### चाकसू में समाजसेवियों का सम्मानित प्रोग्राम आज आयोजन होगा

संजीवनी टुडे

चाकसू। शिव गोरख ट्रस्ट शिव डूंगरी चाकसू में सम्मान समारोह का आयोजन आज होगा। इसमें आरडीएम के जिला अध्यक्ष मोहनलाल कापड़ियावास व प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह हरड़ियावास सहित कई समाज सेवको का सम्मान किया जायेगा और सम्मान समिति व प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह हरड़ियावास के अनुसार समाज सेवा को मध्य नजर रखते हुए सराहनीय कार्यो के लिए समाज सेवा सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान गुमलाडू परिवार दलपुरा की ओर से होगा। जिसमे खेल मंत्रालय भारत सरकार सहायक निदेशक पवन कुमार राव, ग्राम विकास अधिकारी नाड़ोती हरकेश राव, अध्यापक संजीव कुमार व विनय कुमार एवं समस्त घूम लाडू परिवार नाड़ोती करौली राजस्थान भाग लेंगे? और साथ ही शिव गोरख ट्रस्ट संचालक कैलाश चंद बैरवा का भी स्वागत सत्कार किया जायेगा वहीं समाज सेवक त्रिलोकचंद ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम कई लोगों को सम्मानित किया जायेगा।

### स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 1-5 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ, अंतिम तिथि 12

संजीवनी टुडे

चाकसू। चाकसू स्थित स्वामी विवेकानन्द राजस्थान मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश प्रक्रिया चालू हो गई है। प्रधानाचार्या अनीता मीना ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश लेने के लिए 5 जुलाई से 12 जुलाई तक आवेदन जमा किये जाएंगे। आवेदन पत्र कार्यालय समय में विद्यालय में प्राप्त किया जा सकेंगे। प्रत्येक कक्षा के लिए 40 सीटें निर्धारित है। 16 जुलाई को लॉटरी से प्रवेश दिये जायेंगे। 22 जुलाई से नियमित रूप से कक्षाओं संचालन प्रारंभ हो जाएगा। प्रथम कक्षा में 6 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्रवाई की गई



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत बुधवार को राजगढ़ क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि माचाड़ी चौराहा राजगढ़ स्थित सैनी मिष्ठान भंडार एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भिजवाया गया। इसी प्रकार मिर्च में मिलावट की शिकायत प्राप्त होने पर मैन बाजार राजगढ़ कस्बे में स्थित मुरारी लाल मोतीलाल से लाल मिर्च पाउडर का नमूना जांच के लिए लिया गया एवं शेष बची करीब 58 किलो लाल मिर्च पाउडर को मिलावट की आशंका होने पर जप्त किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयसिंह यादव एवं केशव गोयल मौजूद रहे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के टहला फाटक के पास मालगाड़ी ट्रैन की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति मौत हो गई। जीआरपी थाना अलवर के हैडकांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेशन मास्टर राजगढ़ से सूचना मिली कि मालगाड़ी से रन ओवर हो जाने से एक की मृत्यु हो गई। मृतक के शव को राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे। जहां चिकित्सालय परिसर में मृतक के परिसर पहले से ही मौजूद थे। मृतक की शिनाख्त कुंडला गांव निवासी रामनिवास(37) पुत्र भोलाराम मीना के रुप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक ट्रक चालक का कार्य करता था। इस सम्बंध में मृतक के भाई बनवारीलाल मीना ने रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### करंट लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। थाना क्षेत्र के दुब्बी गांव में घर पर प्याज के बीज का काम करते समय करंट लग जाने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक धारा सिंह ने बताया कि दुब्बी निवासी प्यारेलाल मीणा ने मामला दर्ज कराया है कि उसका भाई बनवारी लाल बुधवार को घर पर प्याज के बीज का काम कर रहा था। उसी दौरान करंट लगने से उसका भाई बेहोश हो गया,जिसे राजगढ़ के अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जूली की दहाड़, राज्यपाल का अभिभाषण नहीं होने पर सरकार को जमकर घेरा, संविधान के हत्यारों का नाश हो के लगे नारे

संजीवनी टुडे

### माइक बंद करने की गूंज



जयपुर। राजस्थान विधानसभा के प्रथम सत्र के पहले दिन ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सत्ता पक्ष को राज्यपाल के अभिभाषण नहीं होने के विरोध में जमकर घेरा। जूली ने इसे असवैधानिक फैसला करार देते हुए कहा कि पूरे देश में संविधान को कमजोर करने की साजिश की जा रही है उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से संविधान की पालना करवाने के लिए कहा। नेता प्रतिपक्ष जूली के साथ पूरा विपक्ष जोरदार तरीके से इस असवैधानिक फैसले के खिलाफ वैल में पहुंचे और संविधान के हत्यारों का नाश हो के नारे लगाए। जूली ने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि लोकसभा में भी स्पीकर बंद कर दिया जाता है और विधानसभा में भी मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा मेरा माइक बंद कर दिया गया जो कि अभिव्यक्ति पर तानाशाही को दर्शाता है। उन्होंने अनुच्छेद 176 का हवाला देते हुए कहा कि नवनिर्वाचित विधायकों का प्रथम सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होता है साथ ही किसी भी वर्ष का सत्र शुरू होगा वह भी राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संविधान को चैलेंज करने का अधिकार सरकार, विधानसभा अध्यक्ष और कानून मंत्री किसी को भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी बड़े संविधान की किताब बनाकर नतमस्तक हो रहे हैं,बड़ी-बड़ी बातें संविधान के बारे में कह रहे हैं वहीं उनकी सरकार राजस्थान में संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का बनाया संविधान इनको हजम नहीं हो रहा है जहां मौका मिलता है संविधान पर चोट करने से बाज नहीं आते। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा का काला दिन और काला अध्याय विधानसभा के पटल पर आज लिखा गया है जहां अनुच्छेद 176 की सरेआम धज्जिया उड़ाई गई। सदन में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे थे जूली संविधान की प्रति का हवाला देते हुए सदन को याद दिलाया कि राज्यपाल के अभिभाषण से ही सत्र शुरू होता है।

### जूली ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

विधानसभा के सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण मामले को लेकर कांग्रेस विधायक दल ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल राजभवन में राज्यपाल से मिलकर आज हुए पूरे घटनाक्रम एवं संविधान को कुचलने की नापाक साजिश से अवगत कराएगा।

## भारत विकास परिषद पिण्डवाडा एवं उपकोष पिण्डवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 6 को पेंशनर समस्या समाधान शिविर का आयोजन होगा

संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा/सिरोही। भारत विकास परिषद पिण्डवाडा एवं उपकोष पिण्डवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 6 जुलाई को पेंशनर समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिषद के मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश गौतम ने बताया कि राजस्थान राज्य सरकार के सेवानिवृत्त पेंशनरों को विभिन्न प्रकार की पेंशन संबन्धित समस्याओ का सामना करना पड़ता है जिसके समाधान हेतु कार्यवाही के संबंध में अधिकांश पेंशनरों को जानकारी नहीं होती है। अतः परिषद द्वारा पेंशनरों को राहत प्रदान करने हेतु उपकोष पिण्डवाडा के साथ संयुक्त रूप से एक पेंशनर समस्या समाधान शिविर का आयोजन 06 जुलाई 2024 को बाबूलाल शिवलाल जोगातार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुखाडिया सर्कल पिण्डवाड़ा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जायेगा मजिसमें पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं का उचित समाधान शिविर स्थल पर किया जाएगाम साथ ही जिन पेंशनरों के गत वर्ष आयकर कटौती पेंशन से की गयी थीम और जिनके फॉर्म 16 पेंशन विभाग द्वारा पोर्टल पर जारी कर दिये गए हैंम उनको भी फॉर्म 16 उपलब्ध करवाए जा सकेगे। इस हेतु संबन्धित पेंशनर पीपीओ प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक,मोबाईल नंबर आदि साथ लेकर आवे।

## स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित: चिकित्सा संस्थानों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: जिला कलक्टर

संजीवनी टुडे



अलवर। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिकित्सकीय सेवाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें ताकि आमजन को चिकित्सकीय सेवाएं सुचारू रूप से मिल सके। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करे कि जिन सीएचसी पर स्त्री रोग चिकित्सयक हैं वहां पर अनिवार्य रूप से संस्थागत प्रसव कराया जावे तथा अन्य सीएचसी में भी संस्थागत प्रसव कराए जावे। साथ ही प्रयास करें कि सभी सीएचसी में लोगों को चिकित्सकीय सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध होवे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सकीय संस्थानों पर दवा, उपकरण आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने मौसमी व जल जनित बीमारियों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि सभी बीसीएमओ मौसमी व जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लेवे। साथ ही फोगिंग मशीन आदि व्यवस्थाओं को सुचारू रखे।

उन्होंने सभी बीसीएमओ को निर्देश दिये कि नियमित टीकाकरण शत-प्रतिशत कराए जावे। उन्होंने राजश्री योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना के तहत देय भुगतान समयबद्ध रूप से कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि टीबी मुक्त अभियान के तहत नियमानुसार तीन प्रतिशत मरीजों की बलगम की जांच करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जननी सुरक्षा के लाभार्थियों को भुगतान के संबंध में सूचना प्रेषित करावे तथा अविलम्ब इनका भुगतान करावे। जिला कलक्टर ने वर्ष 2023-24 में जिले में सर्वाधिक संस्थागत प्रसव कराने में सीएचसी स्तर पर सीएचसी रामगढ प्रथम के प्रथम रहने पर लेबर रूम प्रभारी व स्टाफ नर्स कौशल्या यादव, पीएचसी स्तर पर पीएचसी बगडमेव प्रथम रहने पर एएनएम ओम्बली एवं सब सेन्टर स्तर पर बगड राजपूत के प्रथम रहने पर एएनएम संगीता को प्रशस्ति पत्रा प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. के.के मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा सहित जिले के बीसीएमओ उपस्थित रहे।

### राउमावि श्रीचंदपुरा के मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। उपखंड के समीपवर्ती श्रीचंदपुरा गांव में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विधार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 10वीं कक्षा के 52 विधार्थीयो में से 16 बच्चे प्रथम श्रेणी, 30 बच्चे द्वितीय श्रेणी व 5 बच्चे तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुये तथा 12वीं कक्षा का परिणाम 97 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 57 में से 41 बच्चे प्रथम श्रेणी, 12 विधार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विधालय की छात्रा मधु महावर ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर गोलमा मीना, तृतीय स्थान अंकित मीना ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अलावा स्थानीय विधालय के परिसर में लगभग 101 पौधे शिक्षक, शिक्षिकाओं व विधार्थियों के द्वारा लगाएं गये व सभी ने इनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल बैरवा, हिन्दूस्तान स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा, उपप्रधानाचार्य अमित कुमार मीणा, शारीरिक शिक्षिका अल्केश सिंह, बाबुलाल बैरवा, रेणु शर्मा, रामेश्वर मीणा, घनश्यामज मीणा, विश्राम सेन, हरिओम यादव,अलीराम,शिखा रानी, उर्मिला मीना,मोती लाल,सुगन परेवा,सुमन मीना सहित विधार्थी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### व्यवसायिक एवं शिक्षा ऋण योजना के अन्तर्गत आवेदन 31 जुलाई तक

संजीवनी टुडे

अलवर। अल्पसंख्यक समुदाय के आशार्थी ऋण व्यवसायिक एवं शिक्षा ऋण योजना के अन्तर्गत 31 जुलाई तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु व्यावसायिक एवं शिक्षा ऋण योजना के अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदायक मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी के के आशार्थी ऋण हेतु 31 जुलाई 2024 तक अपने आवेदन पत्र जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय क्रेडिट लाइन ।के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 98 हजार रूपये एवं शहरी क्षेत्र में 1 लाख 20 हजार रूपये तक तथा क्रेडिट लाइन ।। के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में अधिकतम 8 लाख रूपये हैं वहीं व्यक्ति आवेदन करने हेतु पात्र माना जावेगा। शेष शर्ते पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

### दिव्यांगजनों के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करें

संजीवनी टुडे

अलवर। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली संस्था एवं व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक केन्द्रीकृत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन किया जा सकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर आमजन का ध्यान केंद्रित करने, दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोडने एवं उनके सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्था को प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर जारी दिशा-निर्देश उपलब्ध है।

### पेंशनर्स यथाशीघ्र भौतिक सत्यापन करावे नहीं तो बन्द हो जाएगा पेंशन लाभ

संजीवनी टुडे

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित एवं राज्य सरकार की स्टेट फ्लैगशिप योजनान्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन में जिले के शेष पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे नहीं तो पेंशन लाभ रूक जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि पेंशनर अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अगुंली की छाप के माध्यम, पेंशनर विभाग द्वारा जारी मोबाईल एप्प के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फ़ेस कैप्चर करके निःशुल्क सत्यापन, ई-मित्र प्लस मशीनों पर निःशुल्क एवं अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त कर करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों का सत्यापन उक्त किसी भी माध्यम से नहीं हो पा रहा है वे संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्रा में विकासअधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी) कार्यालय में उपस्थित होकर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर ओटीपी भेजकर सत्यापन करवा सकते है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत कुल 239270 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहेहै। वर्तमान में 21777 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट के तत्वाधान मे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उपार्जन, अधोसरचना एवं सामाजिक विकास के अनेको कार्य किये जा रहे है



संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। अल्ट्राटेक सीमेंट के इकाई प्रमुख सी.पी.एस चौहान के निर्देशन मे शिक्षा,स्वास्थ्य,आजीविका उपार्जन ,अधोसरचना एवं सामाजिक विकास के अनेको कार्य किये जा रहे है। इस के तहत ही स्वास्थ्य के क्षेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्राम पंचायत मालप में किशोरी बालिका और महिलाओ को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा किशोरी बालिका और महिलाओ को किशोर अवस्था में शरीर में अनेक प्रकार के बदलाब होते है और खास कर के लड़कियों को अनेक प्रकार के बदलाव देखने को मिलता है जिस में सब से महत्वपूर्ण हिस्सा मासिक धर्म का होता है जिस की जानकारी नहीं बलिको समय समय पर घर माँ और स्कूल में टीचर देना आवश्यक है मासिक धर्म के दौरान संक्रमण को रोकने के लिए अच्छी स्वच्छता का अभ्यास करना और असामान्य रूप से भारी रक्तस्राव, गंभीर दर्द या अन्य संबंधित लक्षणों का अनुभव होने पर चिकित्सकीय ध्यान देना महत्वपूर्ण है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता और वहा उपस्थित महिलाओ ने आभार व्यक्त किया और आगे भी अल्ट्राटेक आभार व्यक्त किया एव आशा व्यक्त की गईम कि इसी तरह का सहयोग आने वाले समय में गांव को मिलता रहेगा।अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड अपने आस पास के क्षेत्र में सामाजिक एवं अन्य कार्यो में हमेशा तत्पर रहता है।

## कृषि कुएं पर दंपति की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की

### धारदार हथियार से हत्या कर हत्यारे घटनास्थल से फरार हो गए

संजीवनी टुडे

पिंण्डवाड़ा/ सिरोही। पिंण्डवाड़ा-झाड़ोली बाईपास स्थित पिपलीवारा कृषि कुएं पर दंपति की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार पिंण्डवाड़ा नगर के निकटवर्ती से झाड़ोली बाईपास स्थित पिपली वारा कृषि कुएं पर रहने वाले दंपति की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर हत्यारे घटनास्थल से फरार हो गए। बुधवार सुबह खेत मालिक के पहुंचने पर मामले का पता चला,तब खेत मालिक ने घटना की जानकारी पिंण्डवाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पिण्डवाडा वृत पुलिस उपाधीक्षक भंवरलाल चौधरी, थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी मय जाप्ता घटनास्थल पहुंचे। वही मामले की जानकारी सिरोही जिला अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल, एडिशनल एसपी आवरदान को मिलते ही मौके पर पहुंचेम जिला पुलिस अधीक्षक बेनीवाल ने जोधपुर से डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम, मोबाइल युनिट सहित अन्य लोगों को उदयपुर,जोधपुर से बुलवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

पुलिस के अनुसार उक्त मामले में मृतको में पुरुष का शव बाहर तो महिला का शव घास फूस से बनी झोपड़ी के अंदर पड़ा हुआ था।दोनों मृतकों के गले कटे हुए हैं, जबकि धारदार हथियार से महिला का गुप्तांग काटने की भी जानकारी मिल रही है। मृतक कालाराम पुत्र सामीरा निवासी सेई काड़ा,थाना बेकरिया, वही मृतक कालाराम की पत्नी केनी निवासी गुईया फली मोरस बताई जा रही है।पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही 50 फीट की दूरी के दायरे को बैन कर दिया,ताकि घटनास्थल पर कोई भी नहीं जा सके। वही पुलिस ने कृषि कुऐं के आप-पास झाड़ियां सहित अन्य स्थानों पर तलाशी ले रहे हैंम ताकि हथियार कहीं छुपाए हुए तो नहीं है, '' जोधपुर व उदयपुर से सीआईडी सीबी डॉग स्क्वाड व सीआईडी सीबी, मोबाइल युनिट की टीम आई।'' वही डबल मर्डर केस के बाद दोपहर करीब 4 बजे जोधपुर व उदयपुर से सीआईडी ,सीबी डॉग स्क्वाड व फॉरेंसिक, मोबाइल युनिट टीम घटना स्थल पर पहुंची। टीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर सबूत जुटाए। वही बाद में पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल की उपस्थिति में जर्मन शेपर्ड विक्रम से खोजबीन करवाई।

### दोनों मृतक करते थे खेत पर कृषक कार्य

पिपली वारा कृषि कुऐं पर हुई मर्डर मामले में मृतक महिला व पुरुष जहां मर्डर हुआ उसी खेत पर कृषि का कार्य करते थे। मामले में फॉरेन्सिक टीम आने के बाद पुलिस वृत्ताधिकारी भवरलाल चौधरी, थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी,सब इंस्पेक्टर जगदीश सिंह मय जाब्ता ने दोनों शवों को कब्जे लेकर पिंण्डवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा की स्थापना व अनावरण समारोह आयोजित

संजीवनी टुडे



टोंक/पीपलू। जिले की पीपलू तहसील की ग्राम पंचायत चौगाई के मोहिनी ग्राम में बुधवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर विकास समिति,मोहिनी की ओर से डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना व अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा द्वारा किया गया। बाबा ने अपने उद्बोधन में उपस्थित ग्रामवासियों को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने का आग्रह किया। उन्होने बताया कि उन्हे आज प्रतिमा का अनावरण करते हुए अत्यधिक प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को महत्वपूर्ण हथियार बताया था आज हमे आवश्यकता है कि बेहतर शिक्षा लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बसपा के प्रदेश प्रभारी सीपी सिंह ने बताया कि हमे वोट की कीमत को पहचान कर उसकी महत्ता को जानना होगा और उसका सही जगह उपयोग कर देश के निर्माण में योगदान देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हनुमान जग्रवाल ने बताया कि डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा से समस्त ग्रामवासियों को प्रेरणा मिलेगी जिससे गांव का चहुमुंखी विकास होगा। इससे पूर्व स्थानीय निवासी पन्ना लाल, राम दयाल, राम रतन, रामकिशोर, अनुज कुमार, रामअवतार ,लालाराम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय वाल्मीकि, युवा नेता योगेश बैरवा,मोहन लाल सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन बनवारी चंदवाडा ने किया।

## 7 जुलाई को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ महाराज की रथयात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

संजीवनी टुडे



राजगढ़(अलवर)। कस्बे के चौपड़ बाज़ार स्थित जगन्नाथ मंदिर में बुधवार सायं को मन्दिर महन्त मदन मोहन शास्त्री और मेला कमेटी सचिव हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में मेला कमेटी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मेला कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देश दिया गया कि 7 जुलाई रविवार को निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा के दिन सभी मेला कमेटी के सदस्य सुचारू रूप से रथ यात्रा के लिए पूर्ण रूप से अपना कार्य निर्वहन करेंगे। मेला कमेटी के सदस्य रथ यात्रा और जगन्नाथ महोत्सव के तहत पूर्ण रूप से सचेत रहकर कार्य करेंगे।

पण्डित रोहित शर्मा ने बताया कि 6 जुलाई को भगवान जगन्नाथ गर्भगृह से बाहर आकर को भक्तों को दर्शन देंगें। इसी दिन सायंकाल 6:30 बजे माता जानकी की सवारी मंदिर मार्जन के लिए गंगा बाग स्थित जगदीश मंदिर पहुंचेगी। जहां सभी मेला कमेटी के सदस्य और महन्त परिवार के द्वारा गणेश पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ का दोज पूजन व भगवान जगन्नाथ को कंगन डोरा बांधा जाएगा। 9:30 बजे भगवान जगन्नाथ का गोलक पूजन और 10 बजे जगन्नाथ जी महाराज को हल्दी की रस्म अदा की जाएगी। इसी दिन सायंकाल 8:30 बजे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा कस्बे के चौपड़ बाजार जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी। यह रथयात्रा राजगढ़ शहर के मुख्य बाजार से होती हुई गंगा बाग स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी। 8 जुलाई से 11 जुलाई तक मेला गंगाबाग में भरेगा। 12 जुलाई को रात्रि 8 बजे माता जानकी और श्री जगन्नाथ भगवान की वरमाला महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। 15 जुलाई को भगवान जगन्नाथ माता जानकी को ब्याह कर पुन श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगे। 16 जुलाई को माता जानकी के मंदिर में आने पर मुंह दिखाई की रस्म का कार्यक्रम आयोजित होगा?। इस मौके पर मेला कमेटी सचिव हरिओम गुप्ता, मंदिर महंत पूरण दास, एडवोकेट मदन मोहन शास्त्री, पंडित रोहित शर्मा, गायत्री देवी, सुनील कुमार शर्मा, सुरेश सैनी, नेमीचंद सैनी, जितेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, सुधांशु गोयल और ऋषभ नाट्य आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### आमजन की परिवेदनाओं की होगी त्रिस्तरीय जनसुनवाई

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर पर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 4 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तरीय, 11 जुलाई 2024 को उपखण्ड स्तरीय तथा 18 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय जनसुनवाई होगी। वीसी के माध्यम से राज्य स्तर पर संवाद के लिए नेवातलाई (जयसमंद), मातासुला (झल्लारा), धोलिया (लसाडिया) का चयन किया गया है, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू नेवातलाई जयसमंद से वीसी से जुड़ेंगे। जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का तीन दिवस में संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला कलक्टर ने जिला परिषद, जिले के समस्त एसडीएम तथा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

### पूर्व प्रधानाध्यापक द्वारा मावली डांगीयान विद्यालय को बैट्री इनवर्टर भेंट की



■ संजीवनी टुडे

वल्लभनगर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मावली डांगियान के पुर्व प्रधानाध्यापक किशन लाल पुष्करणा निवासी नवानिया द्वारा सेवानिवृति के शुभ अवसर पर विद्यालय को लगभग 25000 की लागत से बैट्री-इनवर्टर सेट भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक का उपरणा पहनाकर स्वागत किया तथा समस्त विद्यालय परिवार द्वारा प्रधानाध्यापक का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्रीमती अनिता, चतर्भुज डांगी, शारिरिक शिक्षक जसवंत मेनारिया, सतपाल काजिया, नविंद्र कुमार, सहीराम, गजराज सिंह सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### वाटर पार्क में मारपीट व तोड़फोड़ मामले में हुई एक और गिरफ्तारी

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में 6 जून को हुई मारपीट व धमाल करने के मामले में गंगरार थाना पुलिस ने जिला विशेष टीम के सहयोग से एक और वांछित आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में



अब तक 21 लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि गत 6 जून को चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर स्थित किंग वॉटर पार्क में प्रवेश के लिए हुए झगड़े व जेसीबी से की गई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कई लोगों को चिन्हित किया था। जिसमे वांछित अपराधियों की तलाश कर लगातार प्रयास किये जाकर गिरफ्तारी की जा रही हैं। इसी क्रम में एएसपी सिकाऊ मुकेश सांखला के निर्देशन में गंगरार थाना पुलिस द्वारा डीएसटी के सहयोग से वाटर पार्क में जेसीबी से तोड़फोड़ करने वाले आरोपी सोनियाना थाना गंगरार निवासी 28 वर्षीय राधाकृष्ण पुत्र छगनलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में शेष वांछित आरोपियों के रेवेन्यू रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। उनकी जमीन, संपत्ति व वाहन के दस्तावेज एकत्रित किये जाकर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों की तलाश व धरपकड़ के लिए डीएसटी व थाना पुलिस द्वारा भीलवाड़ा जिले में व गंगरार में लगातार केम्प कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### 08 ग्राम अवैध एम. डी. एम. ए. मोली पाउडर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जिले की आकोला थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 08 ग्राम अवैध एम.डी.एम.ए. मोली पाउडर (मिथाइलीन डाई ऑक्सी मेथाम्फ़ेटामाइन) के साथ एक आरोपी को गिरफतार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड व रोकथाम के तहत एएसपी चितौडगढ़ परबत सिंह व डीएसपी कपासन अनिल सारण के निर्देशन में थानाधिकारी भगवतसिह उनि. व पुलिस जाप्ता हैडकानि दुर्गाप्रसाद, कानि. संतोष कुमार, सतीश कुमार, रविकुमार व अमरपाल द्वारा नाकाबन्दी के दौरान खेडीया ताणा पुलिस थाना आकोला जिला चितौडगढ़ निवासी 22 वर्षीय कोमल पुत्र लालूदास वैष्णव के कब्जे से 08 ग्राम एम.डी.एम.ए. मोली पाउडर (मिथाइलीन डाई ऑक्सी मेथाम्फ़ेटामाइन) जब्त किया जाकर आरोपी को गिरफतार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

# बजरी माफिया ने हैड कांस्टेबल को ट्रैक्टर से मारी टक्कर,उपचार के दौरान हुई मौत

## परीजनों ने शहीद का दर्ज़ा देने व एक करोड़ रू की रखी मांग, एक महीने पहले बने थे बेटे के पिता

■ संजीवनी टुडे

टोंक। पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत 112 वाहन में गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोकने पर ट्रेक्टर-ट्रॉली के चालक ने हैड कांस्टेबल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी उपचार के दौरान जयपुर में मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को 112 पुलिस वाहन में हैड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा अन्य पुलिसकर्मियों के साथ शहर के सिंधी शमशान के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान अवैध बजरी लेकर आ रही ट्रेक्टर-ट्रॉली को खुशीराम बैरवा ने रोकने का इशारा किया तो तेज गति से चल रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी हादसे में गम्भीर रूप से घायल हैड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा को इलाज हेतु एसएमएस जयपुर रैफर किया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बैरवा समाज के लोग आक्रोशित होकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, डॉ. चंद्रभान, भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा, राजाराम बैरवा, विनोद लांबा, कन्हैया लाल बैरवा, लवली बैरवा, धनराज आर्य, अक्षय बैरवा, एड. मूलचंद बैरवा, हनुमान बैरवा सरपंच सहित बुधवार सुबह पुलिस लाइन से विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन कर ट्रेक्टर- ट्रॉली चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर फांसी की सजा दिए जाने, मृतक हैड कांस्टेबल



खुशीराम बैरवा को शहीद का दर्ज़ा देकर सभी पैकेज दिए जाने, हाउसिंग बोर्ड में एचआईजी साईज का मकान निःशुल्क आवंटित करने, खुशीरम बैरवा की तीनों संतानों को उनकी योग्यता के अनुसार विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था की करने, एक करोड़ रूपये का मुआवजा दिये जाने एवं खुशीराम बैरवा के नाम पर उनके ग्राम की पंचायत स्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का नाम रखे जाने की मांग करते हुए धरना देकर बैठ गये। इस दौरान वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी एवं कोतवाली थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव ने आक्रोशित बैरवा समाज के लोगों को समझाइश की, लेकिन वह टस से मस नहीं हुए। लिखित में मांगे मान लिये जाने का पत्र देने बाबत तीन बार जिला कलेक्टर से समझौता वार्ता की, तत्पश्चात जिला कलेक्टर सौम्या झा की और से मांग पत्र के सन्दर्भ में राज्य सरकार को पत्र लिखा गया। कोतवाल भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मंगलवार देर रात को आरोपी ट्रैक्टर ड्राईवर जावेद के विरूद्ध हैड कांनि. खुशीराम की हत्या करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक हैड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा का शव एसएमएस अस्पताल में ही रखा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बैरवा समाज ने मांग रखी है कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद ही शव जयपुर से रवाना किया जायेगा।

### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल,एक महीने पहले ही बेटे के बने थे पिता

इधर हैड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा के घर में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनकी पत्नी ने एक महिने पहले ही एक पुत्र को जन्म दिया था। भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने बताया कि बजरी माफियाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं होने से यह लोग इतना बड़ा अपराध करने से भी नहीं डर रहे है। उन्होने बताया कि हैड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा किसान परिवार से थे, इनका पैतृक गांव देवली-भांची है, जहां तीन भाईयों में वह सबसे छोटे थे, खुशीराम के 2 बेटे एवं 1 बेटी है। बड़ा बेटा हिमांशु 5 साल का है, उससे छोटी बेटी गरिमा 3 साल एवं सबसे छोटा बेटा महज डेढ़ महीने का है। खुशीराम बैरवा वर्ष 2008 में पुलिस में भर्ती हुए थे वह एक निशानेबाज भी थे जिसके चलते उनका हैड कांस्टेबल के पद पर प्रमोशन हुआ था।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिये रोडवेज बसों में रियायती यात्रा के लिए जिले की पंचायत समितियों में कैंप 15 जूलाई से

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सलूम्बर जिले में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिये रोडवेज बसों में रियायती यात्रा सुविधा हेतु 15 जूलाई से जिले की पंचायत समितियों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान रोडवेज व सलूम्बर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में उक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी करके बताया कि राज्य सरकार द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन को रोडवेज बसों में यात्रा के लिए किराये मे रियायत दी जाएगी और वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजन के लिये रोडवेज बसों में रियायती यात्रा कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें कर रियायती यात्रा कार्ड अवश्य बनाए। यह दस्तावेज लाना होगा वरिष्ठजन को :- आधार कार्ड, जनाधार, वोटर आईडी,पासपोर्ट साईज फोटो, बिजली का बिल इत्यादि। दिव्यांगजन के लिए आवश्यक दस्तावेज ऽआधार कार्ड,



मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी सर्टिफिकेट, शपथ पत्र आयकर दाता नही है एवं आवेदक किसी सरकारी व अर्धसरकारी संस्थान में कार्यरत नही है, पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि।

पंचायत समिति लसाडिया ऽ15 जूलाई
पंचायत समिति सेमारी ऽ 16 जूलाई
पंचायत समिति सराडा ऽ 18 जूलाई
पंचायत समिति झल्लारा ऽ 23 जूलाई
पंचायत समिति सलूंबर ऽ 24 जूलाई
पंचायत समिति जयसमंद ऽ 25 जूलाई

कैम्प का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

### फायर आर्म्स एक्ट मे वांछित टोप 10 में चयनित आरोपी गिरफतार

■ संजीवनी टुडे

चितौडगढ़। फायर आर्म्स के प्रकरण में फरार चल रहे टॉप 10 वांछित आरोपी को बस्सी थाना पुलिस ने गिरफतार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि पैण्डिंग प्रकरणों में वांछित चल रहे आरोपियो की धडपकड के



तहत एएसपी परबतसिह के निर्देशन एवं वृताधिकारी ग्रामीण चितौडगढ़ शिव प्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण में जयेश पाटीदार थानाधिकारी थाना बस्सी द्वारा गठीत टीम सउनि हंसराज मय जाप्ता द्वारा फायर आर्म्स एक्ट के प्रकरण में वांछित टोप 10 मे चयनित आरोपी माता जी की पांडोली थाना चंदेरिया निवासी राहुल पुत्र जगदीश मीणा को डिटेन कर अनुसंधान व पूछताछ के बाद मंगलवार को गिरफतार कर बुधवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# बस और ट्रेन के टकराने की सूचना पर सलूंबर प्रशासन पहुंचा तुरंत मौके पर किया सफल मॉक ड्रिल

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। किसी व्यक्ति द्वारा कंट्रोल रूम सलूंबर पर सूचना देकर बताया कि डिंगरी सरसिया फाटक पर बस और ट्रेन की भिड़ंत हो गई है। सूचना मिलते ही तुरंत जिला प्रशासन सहित सभी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आपदा बचाव टीमों ने अपने कौशल एवं क्षमताओं का प्रदर्शन कर मौके पर दुर्घटना से बचाव, मानवीय क्षति को रोकने एवं घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाने के साथ ही सम्भावित सम्बंधित उपकरणों के साथ ही दुर्घटना स्थल पर घायलो को तुरंत प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया गया। मॉक ड्रिल में भीषण एक्सीडेंट में बस एवं ट्रेन में फसे व्यक्तियों को बचाने के लिए कटर के माध्यम से लोहे, लकड़ी एवं दीवारों के अवरोधों को काटकर प्राथमिक उपचार दिया गया। फंसे व्यक्तियों को बचाने के प्रयास किए गए तथा दल द्वारा सभी व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकालने के सफल प्रयोग किया गया। गम्भीर रूप से घायलों को स्ट्रेचर के सहारे नीचे उतारने



और प्राथमिक उपचार देने के प्रयास किया गया एवं समस्त दलों द्वारा फाईनल कार्य में संतुष्ट होने के उपरान्त बचाव अभियान समाप्ति की घोषणा की गई। दरअसल मामला मॉक ड्रिल का था जब रेलवे विभाग ने अचानक कर्मचारियों की मुस्तैदी परखने के लिए कंट्रोल रूम पर कॉल कर बताया कि सरसिया फाटक के समीप अहमदाबाद से उदयपुर आ रही ट्रेन से बस टकरा गई है। रेलवे से पता चला कि रेलवे विभाग द्वारा मॉक ड्रिल किया गया है इसके बाद राहत की सांस ली। सूचना पर मौके पर तुरंत सबसे पहले सलूंबर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू पहुचे उनके बाद रेलवे प्रशासन सहित, पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मेडिकल टीम के साथ पहुंची और सभी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और इस मॉक ड्रिल का सफल परीक्षण किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल से आमजन को दुर्घटना या आपदा के समय किए जाने वाले कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। विपरित परिस्थिति में प्रशासन के प्रति सहयोग का भाव जाग्रत होता है तथा विश्वास बढ़ता हैं। जन हानि होने से रोकने के लिए प्रशासन के पास से दल मौजूद हैं जो अपनी जान की बाजी आमजन की जान बचाने में लगा देते हैं यही इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य था इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन और सभी अधिकारियो ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए समय पर घटना स्थल पर पहुंचे। मॉक ड्रिल के दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक अरशद अली,एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार आस्था रानी बामनिया, नायाबतहसीलदार मदन लाल गर्ग सहित मेडिकल विभाग की समस्त टीम एवं सभी विभागो के अधिकारीगण और पुलिस विभाग उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के बयान के खिलाफ, पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन, लोकसभा में दिए गए बयान से पूरे हिंदू समाज में भारी रोष



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।राहुल गांधी के बयान के खिलाफ उदयपुर में संतो के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद हिंदू सनातन हिंदू समाज और हिंदूवादी संगठनों ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए बयान से पूरे हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है इसी बयान के विरोध में बुधवार को उदयपुर में महंत इंद्रदेव महाराज,महंत राधिका शरण महाराज,महंत नारायण दास महाराज,महंत अशोक परिहार के सानिध्य में सनातन हिंदू समाज एवं अनेक संगठनों ने सूरजपोल पर शाम को 6 बजे पुतला दहन किया गया तथा सभी संतो के मन में जो रोष था वह भी व्याप्त किया और सभी लोगों ने सभी संतो ने कठोर निंदा की। बताया की हिंदू समाज के बारे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज के बारे में झूठा एवं दुष्प्रचार करते हुए जो वक्तव्य दिया है वह निंदनीय है जितनी निंदा की जाए वह कम है।विश्व हिंदू परिषद की ओर से अनेक पदाधिकारी इनके बारे में विचार रखा और कहा कि कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के प्राण सह मंत्री सुंदर कटारिया,महानगर अध्यक्ष सुखलाल लोहार,उपाध्यक्ष देवेंद्र झवलिया,मंत्री अशोक प्रजापत,बजरंग दल संयोजक ललित लोहार,बजरंग सेवा के कमलेंद्र सिंह पवार,धर्म उत्सव समिति के दिनेश मकवाना,वात्सल्य सेवा समिति के प्रकाश अग्रवाल,भाजपा के दिनेश भट्ट,छोगा लाल भोई,उपसभापति पारस सिंघवी, भूपेंद्र, महेंद्र, देवराज,मातृशक्ति गीता मानवत, सुषमा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।उक्त जानकारी महानगर प्रचार प्रमुख चंद्र प्रकाश द्वारा दी गई।

### ताज अरावली होटल संचालक पर जमीन कब्जा करने का आरोपःरोड बनाकर लाइट के पोल लगाए, कोर्ट ने पुलिस को दिए जांच के आदेश

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।उदयपुर के नाई थाना क्षेत्र में कोड़ियात स्थित ताज अरावली होटल संचालकों के खिलाफ धमकाने और जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगा है। पड़ोसी जमीन मालिक ने इस संबंध में इस्तगासे के जरिए केस दर्ज कराया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि होटल संचालकों ने उनकी जमीन पर रोड बनाकर लाइटों के पोल लगवा दिए। विरोध करने पर पूरी जमीन को हड़पने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार बूझड़ा निवासी रामचंद्र नागदा ने होटल



के संचालक साहिल पुत्र रमन आनंद, राजीव आनंद, स्वप्निल ए जावले, संदीप शर्मा और मोहित हुले के खिलाफ कोर्ट में इस्तगासा पेश किया। जिसमें बताया कि होटल के पास उनकी जमीन है। जिस पर चारदीवारी नहीं है। होटल संचालक ने उनकी जमीन में रोड बनवा दी और लाइट के पोल लगवा दिए। विरोध करने पर संचालक ने जमीन के बदले पैसे ले लेने को कहा। इस मामले में कार्रवाई कराने पर बची हुई जमीन को भी हड़पने और परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए हैं। जिसमें उनके पिता के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए। इस मामले में नाई थाना पुलिस और एसपी को रिपोर्ट दी गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब कोर्ट ने पुलिस को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अपमानजनक बयान पर विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

### राहुल गांधी को अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की

वल्लभनगर। भारत विरोधी विदेशी षड्यंत्रों में लिप्त प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दुओं को निशाना बनाते हुए गैर संवैधानिक अपमानजनक बयान पर कार्यवाही करते हुए अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद जिला भींडर जिलामंत्री रमेश चंद्र सांगावत के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए उपखंड अधिकारी वल्लभनगर हुकम कुंवर राव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन में बताया कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में भारत विरोधी विदेशी षड्यंत्रों में लिप्त प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दुओं को निशाना बनाकर अपनी पार्टी और उसकी विचारधारा को दर्शाते हुए हिन्दू विरोधी बयान दिया (हिन्दू जो अपने आप को हिन्दू कहते है वह सिर्फ हिंसा-हिंसा-हिंसा) शब्द का



प्रयोग किया जिससे समस्त हिन्दू समाज की भावनाओ को आहत पहुंची हैं यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हिन्दू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है। हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है। हिन्दू कोई जाति सूचक का सम्प्रदाय सूचक शब्द नहीं है। मत और पंथ से अलग भारत की मूल आत्मा है। यह बात स्वयं को 'एक्सीडेंटल हिंदू' कहने वाली जमात के 'शहजादे' को कैसे समझ नहीं आ सकती। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं पर जो टिप्पणिया की है वह सत्य से परे भारत की मूल आत्मा को लहुलुहान करने जैसी है। भारत माता को लहुलुहान करने के लिए इस प्रकार के अपरिपक्व व्यक्ति को संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। जिससे साधु संतों के मार्गदर्शन में समस्त हिन्दू समाज की भावनाओ को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद ने राहुल गांधी को अयोग्य सांसद घोषित कर संसद सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने में जिलामंत्री रमेश चंद्र सांगावत, जिला सह संयोजक श्रवण सिंह रावत, सहमंत्री सोहनदास, प्रखण्ड मंत्री राजेंद्र नागदा, प्रखण्ड सहमंत्री नरेश, प्रखंड संयोजक सुरेश मीणा, नरेंद्र सेन, लक्ष्मण पुरा, देवीलाल मेनारिया खरसान, जगदीश मेनारिया खरसान, राहुल खेरोदा शांतिलाल जाट, अधिवक्ता मुकेश कुमार मेनारिया, मुकेश डांगी, भगवान लाल मेनारिया, भूपेंद्र मेनारिया, सुरेशचंद्र मेनारिया, योगेश माली, बाबुलाल डांगी, ललित जैन, अभिषेक सांगावत, पवन मेनारिया, हेमंत मेनारिया, शंकरलाल गाडोलिया सहित अन्य थे।

# डीएसटी की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बडी कार्यवाही

## 423.800 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित इनोवा कार, एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जब्त, चालक गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। जिला विशेष टीम व बेंगू थाना पुलिस ने बेंगू थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों के ख़िलाफ़ बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 423.800 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित इनोवा कार, एक देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस व दो राज्यों के अलग-अलग जिलों की 10 नम्बर प्लेटें जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है ॰ इसी क्रम में जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि बेंगू थाना क्षेत्र में बलवंत नगर से गोरला की तरफ आने वाली इनोवा कार में भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा का परिवहन किया जा रहा है ॰ जिला विशेष टीम ने तत्काल इस सूचना से बेंगू थाना पुलिस को अवगत कराया ॰ जिस पर थाने से हमेर लाल उपनिरीक्षक ने जाप्ते सहित गोरला के पास पहुंच नाकाबंदी की ॰ नाकाबंदी के दौरान डीएसटी की



सूचना के मुताबिक़ बलवंत नगर की तरफ से तेज गति से आती हुई इनोवा कार दिखाई दी, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे ॰ पुलिस टीम को नाकाबंदी करते हुए देख कर इनोवा का चालक कार को नाकाबंदी तोड़ कर तेज़ गति से भगाकर ले गया, जिसका पुलिस टीम ने लगातार पीछा किया॰ पुलिस टीम को लगातार पीछा करते देख चालक व उसका साथी मेनाल से पहले हाईवे पार्किंग में हाईवे रोड से नीचे की तरफ गाड़ी को खडी कर भागने का प्रयास किया ॰ पुलिस टीम ने चालक को बड़ी मुश्किल से घेरा देकर के पकड़ा, किंतु चालक का साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस टीम ने काफी तलाश की, किंतु अंधेरा व जंगल होने से वह भागने में सफल रहा ॰ पुलिस ने नियमानुसार इनोवा गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी के डेस्क बोर्ड के ऊपर एक देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस सहित मिला ॰ गाड़ी के पीछे की सीट नहीं होकर वहां 23 कट्टों में भरा हुआ 423.800 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला ॰ पुलिस टीम को कार की तलाशी में राजस्थान व गुजरात राज्य के कई जिलों की 10 नम्बर प्लेटें मिली ॰ पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए गुजरात व राजस्थान राज्य के अलग-अलग जिलों की नम्बर प्लेटों का प्रयोग करते थे, ताकि पुलिस को वाहन के संदिग्ध होने के बारे में शंका न हो ॰ पुलिस ने नियमानुसार इनोवा कार,अवैध डोडाचूरा, देशी कट्टा ,जिंदा कारतूस व 10 नम्बर प्लेटों को जब्त कर आरोपी चालक नागौर जिले के पैथडो की ढाणी तांतवास हाल जोधपुर जिले के भदवासिया हॉस्पिटल के पास संत रविदास कॉलोनी निवासी सवाई सिंह पुत्र रतन सिंह राजपूत उम्र 27 साल को गिरफ्तार व भागने वाले आरोपी बाड़मेर जिले के जाखडो की ढाणी निवासी राजु उर्फ खुमाराम पुत्र हिराराम जाट को नामजद कर लिया है। पुलिस थाना बेंगू पर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। उक्त कार्यवाही में जिला विशेष टीम के सदस्यों का विशेष योगदान रहा- डीएसटी प्रभारी गोरधन सिंह पुलिस निरीक्षक, कांस्टेबल ललित सिंह, चन्द्र करण सिंह, अजय, दुर्गा राम व दिनेश ।पुलिस थाना बेंगू हमेर लाल उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल भगवान लाल, कांस्टेबल प्रकाश, मनोहर, धर्मेंद्र, सुरेन्द्र, सुनील व हंसराज।

# स्कुल जाते तीन मासूम बच्चे पानी मे डूबते बाल बाल बच्चे

■ संजीवनी टुडे

भूपालसागर। उपखण्ड क्षेत्र की फलासिया ग्राम पंचायत के ग्राम बंजारो का खेड़ा मे बुधवार सुबह गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर जाजरों का खेड़ा राजकीय विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रहे हैं। रास्ता कच्चा होकर ग्रेवल सड़क बनी हुई है जो बरसात के कारण पूर्ण रूप से ख़राब हो गई है इसी रास्ते से होकर गांव से तीन बच्चे स्कुल के लिए निकले थे सड़क के किनारे गड्डो मे पानी भरा हुआ है जिसमे जा गिरे पानी में दुबते देख रोड पर जाते हुए लोगों ने देखा और चिल्लाए तो पूरा गांव एकत्रित हो गया और बच्चों को बाहर निकाल तीनों बच्चों की जान बचाई। तीनों बच्चे एक 5 साल की बच्ची, दूसरी 6 साल की बच्ची और तीसरा 7 साल का बच्चा था। इस अप्रिय घटना के बाद सम्पूर्ण ग्रामीण एकत्रित होकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कें समक्ष पहुंचे और बंजारो का खेड़ा मे स्थित झरझर अवस्था मे पडे विद्यालय भवन पर कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक प्राथमिक विद्यालय



पुनः शुरू करवाने को लेकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन मे बताया गया की बंजारा खेड़ा में 40 से 45 बच्चे अशिक्षित हैं क्योंकि बंजारा खेड़ा में स्कूल बंद है और बंजारा खेड़ा से जाजरो का खेड़ा मे स्थित विद्यालय की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर है इस मार्ग मे और खतरनाक नदी-नाले है बरसात के मौसम मे और भी अधिक ख़तरनाक साबित हो सकते है, जिसमें बच्चों की जान तक जा सकती है, पूर्व मे भी दो बार इससे पहले ऐसी घटना घट चुकी है। शिक्षा विभाग चाहे तो ग्राम बंजारों का खेड़ा मे पुनः प्राथमिक स्तर का विद्यालय शुरू कर सकते है जिससे दस से बारह वर्ष के बच्चों को शिक्षा से वँचित नहीं होना पड़ेगा।

सम्पादक की कलम से....

# सम्पादकीय

## राष्ट्रवाद का अतिरेक और साम्राज्यवाद, औपनिवेशिकवाद के मलीन मंसूबे



राष्ट्रवाद की मूल भावना से राष्ट्र में एकता अखंडता की संभावनाएं बलवती होती हैं। हम सब एक हैं इसकी इच्छा तथा भावना दोनों पनपती हैं और इन सद्भावनाओं के पीछे इतनी शक्ति ,ऊर्जा एवं ताकत होती है कि विदेशी आक्रांताओं की गुलामी से निजात पाई जा सकती है।राष्ट्रवाद से स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त की जा सकती हैद्य किंतु इतिहास तथा अतीत में कुछ संदर्भित घटनाएं ऐसी हुई है जिससे इसके दुष्परिणाम एवं दुष्प्रभाव प्रकट हुए हैं।जिसका दुष्परिणाम एक देश ,एक महाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रकट हुआ हैद्य दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के अतिरेक या अंधराष्ट्रवाद के परिणाम स्वरूप उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद ने जन्म लिया है ।इसी के परिणाम स्वरूप अफ्रीका महाद्वीप में बंटवारा हुआ वहां के निवासियों के साथ पशु तुल्य व्यवहार किया गया और हमारे देश यानी भारत जैसे आत्मनिर्भर, संपन्न, खुशहाल देश को गुलाम बनाया गया और गरीबी, भूखमरी, अकाल ,कुपोषण जैसी विसंगतियों के साथ निवासियों को जीने के लिए मजबूर कर दिया गयाद्य राष्ट्रवाद की भावना ने संपूर्ण गुलाम देशों में एक चिंगारी भर दी थी जिससे जन-जन एक योद्धा बन गया था ,और भारत अफ्रीका दक्षिण पूर्वी देश इस जिजीविषा के दम पर स्वतंत्र हो गए थे। यही राष्ट्रवाद की भावना है जिससे वहां के नागरिक कठिन से कठिन परिस्थिति में भी देश की सुरक्षा करने को अपने आप को प्रेरित करते हैं और देशभक्ति की भावना के कारण ही किसी भी देश का विकास होता हैद्य राष्ट्रवाद मानवता से ऊपर नहीं हैद्य राष्ट्रवाद एक विशेषता है, किंतु अंध राष्ट्रवाद घातक भी हो सकता हैद्य मानवता और राष्ट्रवाद की तुलना करना बेमानी है यह सर्वमान्य तथ्य है कि मानवता सर्वोपरि है। उसके पश्चात ही किसी देश या व्यक्ति का राष्ट्रवाद आता हैद्य यह अत्यंत ही रोचक बात है कि राष्ट्रवाद ने हीं साम्राज्यवाद उपनिवेशवाद को जन्म दिया है, और राष्ट्रवाद ने ही इसका सर्वनाश भी कियाद्य यह राष्ट्रवाद का अतिरेक ही था कि नेपोलियन द्वारा फ्रांस की इस भावना के अंतर्गत यूरोपीय राजनीति को जटिल बना दिया था एवं बिस्मार्क को राष्ट्रवाद के अतिरेक ने प्रेरित कर संपूर्ण यूरोप को शतरंज की गोटियां की तरह अस्त-व्यस्त कर दिया थाद्य यह राष्ट्रवाद का विकृत रूप ही था जब हिटलर और मुसोलिनी जैसे कट्टरपंथियों ने नाजीवाद तथा फासीवाद की आड़ में संपूर्ण विश्व को विश्व युद्ध की भयानक विभीषिका में झोंक दिया एवं लाखों लोगों मृत्यु तथा अरबों रुपए के जानमाल की हानि का कारण बने थेद्य अंध राष्ट्रभक्ति के कारण युद्ध में लाखों लाख सैनिकों की मौत हुई, महिलाएं विधवा हो गई बच्चे अनाथ हो गए एवं मानवता

तहस-नहस हो गई थीद्य उल्लेखनीय है कि सोवियत संघ तथा अमेरिका के आपस में परस्पर पारंपरिक दुश्मनी के कारण साम्यवाद तथा पूंजीवाद की विचारधारा की बुनियाद पर पूरा संसार दो गुटों में बट गया और शस्त्र अस्त्र की होड़ लग गई है,अधिकांश देशों का खर्च विकास की बजाए सैन्य ताकत बढ़ाने और अपनी सीमा की रक्षा में होने लगा। युद्ध की आकांक्षा के अतिरेक में मानवता भयभीत होकर सिसकने लगी। वर्तमान संदर्भ में रूस यूक्रेन युद्ध भी पुतिन की राष्ट्रवादी सोच एक विकृत रूप ले चुकी है और विस्तार वाद तथा साम्राज्यवाद के चलते पुतिन ने 24 अप्रैल 2022 यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। पूरा विश्व इस साम्राज्यवादी युद्ध को सिर्फ दूर से देखने का कार्य ही कर रहा है, विश्व युद्ध की आशंका से न तो अमेरिका और ना ही यूरोपीय देश इसमें सक्रिय हस्तक्षेप ही कर पा रहे हैं। यह अंध राष्ट्रवाद के सामने मानवता मजबूर हो चुकी है। यूक्रेन के लगभग एक करोड़ से ज्यादा लोग यूक्रेन से पलायन कर दूसरे देशों में शरणार्थी बनकर जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। दूसरी तरफ इस युद्ध में लाखों लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। अभी भी यूक्रेन में कई शहरों में बड़ी इमारतों के मलबे से सैकड़ों शव निकाले जा रहे हैं, क्या यह मानवता की हार नहीं है? साम्राज्यवाद और विस्तारवाद के चलते विश्व युद्ध की आशंका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवता के सर पर मंडरा रही है।

राष्ट्रवादिता किसी भी मनुष्य या शासक पर एक सीमा तक ही उचित है, इसका अतिरिक्त सदेव हिंसा युद्ध और पछतावे को जन्म देता है। देशभक्ति किसी भी शासक के लिए जब अंधदेशभक्ति अतिरेक बन जाती है तो वह मानवता के लिए सदैव खतरनाक होती है। अतः आज के युग में राष्ट्रवाद देशभक्ति और मानवता के महीन अंतर को समझ कर ही नीति तैयार होनी चाहिए। भारत वर्ष सदैव शांति सद्भावना और मित्रतता नीति अपनाते आया है एवं वसुधैव कुटुंबकम भावनाओं को लेकर चला है, विश्व को भारत को

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृष

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुम्भ

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# शादी-ब्याह: बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन



हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता ह। आगंतुक और मेहमान सीधे वही आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है।

ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ?

जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय

### विचार बिन्दु



डॉ सत्यवान सौरभ

**भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है।**


व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए है। मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है। रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं। सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते है। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है ना तो परवाह है रीति रिवाजों की ना सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है।

और इन सबकी आलोचना से बचने के लिए इंसान जिसके पास धन की कमी है वो किसी वित्तीय संस्था या साहुकार से कर्ज लेकर उनकी आलोचना से बचने का प्रयास करता है। इस झूठी संस्कृति ने निम्न वर्ग को उच्च वर्ग की नकल करने के लिए, अपना शोषण करवाने को मजबूर कर दिया अब विवाहों में नैसर्गिक खुशियों का स्थान कृत्रिम साधनों के द्वारा अर्जित खुशियों ने ले लिया है। जिसमें मानसिक संतुष्टी के स्थान पर मानसिक अवसाद पनपने लगता है। हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है। शादीसमारोह में रस्म से ज्यादा दिखावा हो रहा है। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चारण और सात फ़ेरे से ज्यादा लोग नृत्य-गीत में लोग मशगूल हो रहते हैं। इससे किसी को क्या दिक्कत हो रही है, इसे कोई नहीं सोचता। अब थीम शादी का प्रचलन बढ़ा है। इससे समाज में गलत और आडंबर शुरू हो रहा है। विवाह समारोह के मुख्य स्वागत द्वार पर नव दंपत्ति के विवाह पूर्व आलिंगन वाली तस्वीरें, हमारी विकृत हो चुकी संस्कृति पर सीधा तमाचा मारते हुए दिखती हैं। अंदर एंट्री गेट पर आदम कद स्क्रीन पर नव दंपति के विवाह पूर्व आउटडोर शूटिंग के दौरान फिल्माए गए फिल्मी तर्ज पर गीत संगीत और नृत्य चल रहे होते हैं। आशीर्वाद समारोह तो कहीं से भी नहीं लगते हैं पूरा परिवार प्रसन्न होता है अपने बच्चों के इन करतूतों पर। पास में लगा मंच जहां नव दंपत्ति लाइव गल - बहियाँ करते हुए मदमस्त दोस्तों और मित्रों के साथ अपने परिवार से मिले संस्कारों का प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं।

बन्धुओं मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । हम एक दूसरे के जीवन के सेतू बने यही मानवीय धर्म है। यदि हमारे पास धन की प्रचुरता है तो अपना प्रारब्ध समझे और साथ में इसके अविवेकपूर्ण अपव्यय पर लगाम लगाएं, और इसे साधर्मी बन्धुओं के उत्थान के कार्यों में जो आज आर्थिक विपन्नता के शिकार हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़े उनका सहारा बनने का प्रयास करें। आपका पैसा है,आपने कमाया है,आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं,पर किसी दूसरे की देखा देखी नही। कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान सम्मान को खत्म मत करिएगा। जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्चा करियेगा। 4 - 5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है। और आप कितना ही बेहतर करें लोग जब तक रिसेप्शन हॉल में है तब तक आप की तारीफ करेंगे। और लिफाफा दे कर आपके द्वारा की गई आव भगत की कीमत अदा करके निकल जाएंगे। अपने परिवार की हैसियत से ज्यादा खर्चा करने के लिए अपने परिजनों को मजबूर न करें। दिखावे की इस सामाजिक बीमारी को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित रहने दीजिए। विवाह की नहीं आप वास्तव में दिखावे की तैयारी कर रहे हो। अगर लोन या कर्ज़ाले लेकर दिखावा कर रहे हो। हमारे ऋषियों ने कहा है कि जो जरूरी काम है वह करो। ठीक है समय के साथ रीति रिवाज बदल गए हैं। मगर दिखावे से बचना चाहिए।

# प्रदोष व्रत करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य की होती है प्राप्ति

शुक्र प्रदोष व्रत में कुछ सावधानियां बरतें। इसके लिए सबसे पहले अपने घर पर आई हुई सभी स्त्रियों को मिठाई खिलाएं और जल पिलाएं। साथ में घर और घर के मंदिर में साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें। शंकर जी पूजा में काले गहरे रंग के कपड़े न पहनें। शुक्रवार को पड़ने वाले प्रदोष व्रत को शुक्र प्रदोष कहा जाता है। शुक्र प्रदोष व्रत से सुख-समृद्धि तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है। तो आइए हम आपको शुक्र प्रदोष व्रत के बारे में कुछ खास जानकारी देते हैं। शुक्र प्रदोष व्रत करने से शिव जी की कृपा बनी रहती है। इस व्रत से जीवन में किसी प्रकार का अभाव नहीं रहता है और रोगों पर होने वाले खर्चों में कमी आती है। साथ ही दाम्पत्य जीवन में आने वाला क्लेश दूर हो जाता है और डायबिटीज में भी आराम मिलता है। शुक्र प्रदोष व्रत में कुछ सावधानियां बरतें। इसके लिए सबसे पहले अपने घर पर आई हुई सभी स्त्रियों को मिठाई खिलाएं और जल पिलाएं। साथ में घर और घर के मंदिर में साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें। शंकर जी पूजा में काले गहरे रंग के कपड़े न पहनें। व्रत के दौरान मन में दुष्विचार ना आने दें। अपने गुरु और पिता के साथ अच्छा व्यवहार करें। प्राचीन काल में एक नगर में राजकुमार, ब्राह्मण कुमार और धनिक पुत्र



तीन मित्र रहते थे। इन मित्रों में राजकुमार, ब्राह्मण कुमार अविवाहित थे लेकिन धनिक पुत्र का विवाह हो गया था लेकिन गौना बाकी था। तीनों मित्र एक दिन बात कर रहे थे कि स्त्रियों के घर विरान होता है और उसमें भूत निवास करते हैं। उसके बाद धनिक पुत्र अपने ससुराल गया और विदाई की जिद करने लगा। इस पर उसके ससुराल वालों ने कहा कि अभी शुक्र देव डूबे हैं, अभी विदाई करना ठीक नहीं है। लेकिन धनिक पुत्र नहीं माना और अपनी पत्नी विदा कर ले आया। रास्ते में बैलगाड़ी का पहिया टूट गया और दोनों पति-पत्नी गिर गए उन्हें चोट लग गयी। उसके बाद उन्हें रास्ते में डाकू मिले जो सारा धन लूटकर ले गए। इसके बाद भी परेशानी कम नहीं हुई घर पहुंच कर धनिक पुत्र को सांप ने काट लिया और वैद्य ने कहा कि यह केवल तीन दिन तक जीवित रहेगा। तब धनिक पुत्र के घर वाले उसके मित्र ब्राह्मण कुमार को बुलाए। ब्राह्मण कुमार ने धनिक के मां-बाप को शुक्र प्रदोष का व्रत करने की सलाह दी और धनिक को उसकी पत्नी के साथ ससुराल भेज दिया। इस प्रकार शुक्र व्रत के प्रभाव से धनिक पुत्र की समस्याएं कम हो गयीं और वह धीरे-धीरे ठीक हो गया। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 10 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 52 मिनट से होगा। यह मुहूर्त 11 अक्टूबर को रात 10 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। शुक्र प्रदोष व्रत में पूजा का मुहूर्त 11 अक्टूबर को शाम 05 बजकर 56 मिनट से रात 08 बजकर 25 मिनट तक है। इस मुहूर्त में ही भगवान शिव की उपासना करना भक्तों हेतु फलदायी होगा। शुक्र प्रदोष के दिन सुबह उठकर स्नान कर हल्के रंग के सफ़ेद या गुलाबी रंग वस्त्र धारण करें। इसके बाद सूर्य देव को तांबे के लोटे में जल के साथ चीनी मिलाएं और अघर्य दें। भगवान शिव के मन्त्र ? नमः शिवाय का जाप करें। भगवान शिव को पंचामृत (दूध दही घी शहद और शक्कर) से स्नान कराएं। उसके बाद शुद्ध जल से स्नान कराकर रोली, मौली और चावल धूप दीप से पूजा करें। साबुत चावल की खीर बनाएं और फल शंकर जी को चढ़ाएं।




## 04 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1914 बर्दुन का युद्ध समाप्त।

1996 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुनः चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित।

1997 अमेरिकी यान 'सोजर्नर' मंगल ग्रह पर पहुँचा।

1998 चेक गणराज्य की याना नावोत्ना ने विम्बलडन टेनिस का एकल ख़िताब जीता, जापान ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए 'प्लेनेट-बी' नामक अपना प्रथम अंतराग्रहिक मिशन भेजा, ब्रिटेन के एक पावरबोट 'द केवल एंड वायरलेस एडवेंचर' ने 74 दिन 20 घंटे व 38 मिनट में यात्रा पूरी करके सबसे शीघ्र विश्व भ्रमण का रिकार्ड तोड़ा।

2001 भारत द्वारा पाकिस्तान के नागरिकों (बंदियों) की रिहाई के निर्देश।

2003 पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए हमले में 44 मारे गये।

2005 आस्ट्रेलिया में डाल्फ़िन की एक नई प्रजाति स्नबफ़िन खोजी गई।

2006 गांधी शांति पुरस्कार विजेता व भारत में जर्मनी के पूर्व राजदूत गरहार्ड फ़िशर का निधन।

2007 वेबसाइट सेंटिडो कॉमन के मुताबिक मैक्सिको के कॉर्लोस स्लिम दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने।

2008 लगभग आठ साल बाद चीन की मुख्य भूमि और ताईवान के बीच नियमित सीधी विमान सेवा का पहला विमान ताइवान के तायोयुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

जन्मे व्यक्ति

1945 सुशील कुमार (अभिनेता) - हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता।

1897 अल्लूरी सीताराम राजू - प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

# बेनकाब हुआ पश्चिमी मीडिया का दोगला और दोहरापन

### विचार बिन्दु



डॉ अजय खेमरिया

**यानी हमारी कुल आबादी के तथ्य को दरकिनार कर दहशत फैलाने में बीबीसी जैसे मीडिया हाउस अग्रणी रहे।यूरोप में कुल 48 देश है।**

भारतीय जनसंचार संस्थान के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण एवं शोध के नतीजे बताते है कि भारत में अधिसंख्य चेतन लोग इस बात को समझ रहे है कि यूरोप,अमेरिका और अन्य देशों की मीडिया एजेंसियों ने कोरोना को लेकर अतिरंजित,गैर जिम्मेदाराना और दहशतमूलक खबरें प्रकाशित की।इन खबरों के मूल में भारत के प्रति एक औपनिवेशिक मानसिकता भी इस दरमियान किसी दीवार पर मोटे हरूफ में लिखी इबारत की तरह पढ़ी जा सकती हैं।आईआईएमसी का यह विश्वसनीय सर्वे समवेत रूप से विदेशी मीडिया संस्थानों खासकर बीबीसी,द इकोनोमिस्ट,द गार्डियन, वाशिंगटन पोस्ट,न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन,की पक्षपातपूर्ण,झूठी रिपोर्टिंग को आमजन की दृष्टि में भी कटघरे में खड़ा कर रहा है । पत्रकारिता के नैतिक मापदंडों पर जन्मना दोहरेपन का शिकार पश्चिमी मीडिया कोविड 19 को लेकर कैसे निष्पक्षता और ईमानदारी का अबलंबन कर पाता।आईआईएमसी के सर्वेक्षण और शोध- विमर्श से एक बात और स्पष्ट होती है कि पश्चिमी जगत आज भी हमारे देश की छवि सांप सपेरे,जादू टोने,वाले देश से बाहर मानने के लिए तैयार नही है।70 के दशक की तीसरी दुनियां या अल्पविकसित देशों में भारत को पिछड़ा देश माना जाता था उसी अधिमान्यता पर पश्चिमी बौद्धिक जगत आज भी खड़ा हुआ है।चंद्रयान और गगनयान जैसे विज्ञान और तकनीकी सम्पन्न नवाचार हो या फार्मा इंडस्ट्री में हमारी बादशाहत पश्चिम इसे मान्यता देने को आज भी राजी नही है।कोरोना की पहली लहर में जिस प्रमाणिकता से हमने दुनियां को मिसाल पेश की उसका कोई सकारात्मक उल्लेख विदेशी मीडिया संस्थानों में नजर नही आया।इस दौर में ब्रिटेन,अमेरिका,स्पेन,इटली,जर्मनी,ऑस्ट्रेलिया जैसे धनीमानी राष्ट्र पस्त हो चुके थे।इस नाकामी को प्रमुखता से उठाने की जगह इन मीडिया हाउस ने भारत मे प्रवासी मजदूरों को पहले पन्ने पर जगह दी।तब जबकि डब्लू एच ओ भारतीय कोविड प्रबंधन मॉडल को सराहा रहा था। कोविड की दूसरी लहर ने भारत में अप्रत्याशित रूप से व्यापक जनहानि की परिस्थिति निर्मित की इससे इनकार नही किया जा सकता है लेकिन इस दूसरी लहर में मानो पश्चिमी मीडिया को भारत के विरुद्ध आपदा में अवसर मिल गया हो।इस दौरान बीबीसी,न्यूयॉर्क टाइम्स,वाशिंगटनपोस्ट जैसे संस्थानों ने अस्पतालों,शमसानों से लेकर गंगा में जलदाह से जुड़ी अतिरंजित,डरावनी और भयादोहित करने वाली रिपोर्ट प्रकाशित की है। इन खबरों से यह साबित होता है कि पश्चिमी मीडिया किस हद दर्जे की दुराग्रही,दोहरी एवं औपनिवेशिक मानसिकता की ग्रन्थि से पीड़ित है।अमेरिका में जब 9/11की आतंकी घटना हुई थी तब न्यूयार्क टाइम्स,वाशिंगटन पोस्ट और बीबीसी ने खून का एक कतरा भी नही दिखाने का निर्णय लिया था। तर्क यह दिया गया कि सच्चाई और जबाबदेही मिलकर पत्रकारिता को निष्पक्ष बनाते है इसलिए मृतकों के परिजनों के प्रति जबाबदेही और समाज को भयादोहित होने से बचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।भारत का मामला बनते ही यह जबाबदेही और निष्पक्षता खूंटी पर टांग दी गई।हमारे लोकजीवन में भी अंतिम संस्कार एक बेहद ही संवेदनशील मामला होता है।क्या जिन तस्वीरों को विदेशी अखबारों ने पहले पन्ने पर जलती लाशों या जलदाह के रूप में छापा वह जबाबदेही के आदर्श पर खरी कही जा सकती थीं?एक विदेशी फोटो एजेंसी ने तो भारत में अंतिम संस्कार की तस्वीरों को बकायदा 23 हजार की बोली लगाकर बेचा है।आईआईएमसी का शोध बताता है कि कोविड 19 के मामले में मार्च 2020 से जून 2021 के मध्य करीब 700 रिपोर्टस गार्डियन,वाशिंगटन,पोस्ट,बीबीसी,अलजजीरा,फॉक्स न्यूज,न्यूयार्क टाइम्स,द इकोनोमिस्ट,सीएनएन जैसे संस्थानों में छपी है।यह सभी खबरें भारतीय समाज में भय निर्मित करने वाली,अतिरंजित,अनावश्यक आलोचनाओं एवं मैदानी तथ्यों से परे थी।यानी जिस जबाबदेही और सच्चाई के युग्म की बातें पश्चिमी मीडिया द्वारा अपने देशों में रिपोर्टिंग के लिए कही जातीं हैं वे भारत के मामले में खुद के ऊपर लागू नही की गईं। शरारती मानसिकता के उद्देश्य से दूसरी लहर में संक्रमितों एवं मृतकों के आंकड़े हेडलाइन में सजाए गए।बीबीसी की कुल रिपोर्टस में से 98 फीसदी समाज को भयादोहित और उपचार प्रविधियों से लेकर वेक्सिनेशन के प्रति समाज में भृम फैलाने वाली रही हैं।संक्रमितों के आंकड़े बड़ी चालाकी से बदनामी के उद्देश्य से पेश किए गए मसलन 7 सितंबर 2020 को बीबीसी ने हैडिंग लगाई ''भारत ने ब्राजील को पछाड़ा''।अब ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत की आबादी ब्राजील से छह गुना है।

# अस्थमा अटैक के पहले के लक्षणों को जानें

अस्थमा अटैक से बचने के लिए जरूरी है कि रोगी को उसके पहले दिखायी और महसूस होने वाले संकेतों के बारे में पता हो? इन संकेतों के बारे में जानकारी आपको अस्थमा अटैक से बचाने में मददगार साबित हो सकती है। आइए जानें अस्थमा अटैक से पहले दिखने वाले लक्षणों के बारे में।

## गले और ठोढ़ी में खुजली

अस्थमा की समस्या शुरु होने से पहले गले और ठोढ़ी में खुजली की समस्या हो सकती है। यह समस्या क्यों होती है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन ज्यादातर लोग इस लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं जो कि ठीक नहीं है।



## मूड में बदलाव

अचानक से रोगी के मूड में बदलाव देखने को मिलता है। बोलते-बोलते चुप हो जाना, तनाव और चिंताग्रस्त हो जाना भी अस्थमा अटैक का संकेत हो सकता है। अगर आपको या आपके आसपास किसी अस्थमा रोगी में यह लक्षण दिखे तो इसे नजरअंदाज ना करें।

## कफ

अस्थमा का मुख्य लक्षण है कफ की समस्या। जब यह समस्या पूरी रात आपको सताने लगे तो इसके पीछे कुछ खास वजह हो सकती है। हो सकता है कि यह साइनस या अन्य किसी वजह से हो लेकिन जब किसी अस्थमा रोगी को यह समस्या होती है तो इसे हल्के में ना लें।

## सांसों में घरघराहट

अस्थमा रोगी को सांस लेने में समस्या होना सामान्य माना जाता है लेकिन जब सांस लेते वक्त घरघराहट की आवाज आने लगे तो इसे सामान्य ना समझें। यह गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है।

## सांस लेने में समस्या

अस्थमा अटैक होने से पहले रोगी को सांस लेने में समस्या महसूस होने लगती है क्योंकि सांस लेने वाली जगह के आसपास की मांसपेशियां कठोर हो जाती हैं और एयरवे लाइनिंग में सूजन आ जाती है। अत्यधिक म्यूकस बनने के कारण सांस नली ब्लॉक हो जाती है।

## पॉश्चर बदलना

ठीक तरह से सांस लेने के प्रयास में रोगी आगे की तरफ झुकने लगाता है जिससे वो कूबड़नुमा आकार में आ जाता है। लेकिन सांस लेने में कठिनाई होने पर इस स्थिति में आना समस्या को और बढ़ा सकता है।

## सीने में जलन

जब अस्थमा की समस्या बढ़ने वाली होती है तो रोगी को सीने में जलन या कुछ अन्य तरह की समस्या भी हो सकती है। अस्थमा ग्रस्त बच्चों में जब यह समस्या होती तो वो समझ नहीं पाते कि उन्हें क्या हो रहा है। ऐसे में उनके माता-पिता को ज्यादा सर्तक रहना चाहिए।

## होठों और अंगुलियों में नीलापन

जब शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है तो होठों और अंगुलियों और होठों पर नीलापन दिखायी देने लगता है। इस स्थिति को केयानोसिस कहते हैं। यह स्थिति इशारा करती है कि रोगी को तुरंत चिकित्सक के पास ले जाया जाए।





## सेहत का सतरंगी खजाना

अपने बोरिंग खाने में जरा रंग भरिए। गहरे रंग के फलों और सब्जियों, जैसे खुबानी, गाजर और लाल व पीली मिर्च और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों, अस्थमा के मरीजों के लिए लाभप्रद बीटा-कैरोटीन नाम का एक खास तत्व पाया जाता है। जिस सब्जी या फल का रंग जितना गहरा होगा उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की मात्रा उतनी अधिक होगी।

## आपके लिए नहीं है विटामिन-ई

यूं तो विटामिन-ई काफी गुणों से भरपूर होता है, लेकिन अस्थमा मरीजों को इससे जरा दूर ही रहना चाहिए। यह खाना पकाने के लगभग सभी तेलों में मौजूद होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल जरा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। सूरजमुखी के बीज, केल (एक प्रकार की गोभी), बादाम और अधिक साबुत अनाजों में विटामिन- ई की मात्रा कम होती है। इन आहारों को अपने भोजन में अवश्य शामिल करें।

# घुटने का दर्द धीमी न कर दे चाल

**युवाओं में घुटनों के दर्द के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सही जांच व उपचार में देरी का नतीजा होता है कि हल्का मांसपेशीय दर्द बढ़ कर घुटने, जांघ व कूल्हे की मूवमेंट पर असर डालने लगता है। तीस की उम्र के करीब की एक स्कूल टीचर हैं। घर और काम के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हुई वह बेहद व्यस्त रहती हैं। वह जानती हैं कि सेहतमंद और फिट रहना उनके लिए कितना जरूरी है, बावजूद इसके व्यायाम के लिए समय निकालना उनके लिए मुश्किल होता है। व्यायाम की भरपाई के तौर पर उन्होंने कुछ समय पहले खुद को अधिक सक्रिय बनाए रखने का फैसला किया, जिसके चलते वह लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने लगीं और रिक्शा की जगह पैदल घर व बाजार जाने लगीं। वह तीसरी मंजिल पर रहती हैं। शुरुआत में सीढ़ियां चढ़ने में थकान होती थी, पर आदत हो जाने के बाद अब समस्या नहीं होती।**





## समय रहते दें ध्यान

लेकिन एक माह बाद ही उन्हें सीढ़ियां उतरते हुए सीधे पैर के घुटने में सामने के हिस्से में कुछ परेशानी महसूस होने लगी, पर उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। करीब एक सप्ताह गुजरने के बाद यह परेशानी हल्के दर्द में बदल गई। धीरे-धीरे सीढ़ियां चढ़ते हुए भी पैरों में दर्द होने लगा। डॉक्टर ने इसे घुटने के सामने वाले हिस्से का दर्द बताया, जिसे चिकित्सकीय भाषा में पेटेलोफीमोरल पेन सिंड्रोम/ एंटीरियर नी पेन या फिर कॉन्ड्रोमेलेसिया पटेला कहते हैं। डॉक्टर ने उन्हें कुछ दर्द निवारक दवाएं लेने को कहा है। साथ ही सीढ़ियां चढ़ने-उतरने से बचने की सलाह दी है। दर्द दोबारा न हो, इसलिए मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाने की सलाह भी दी है।

## दर्द का कारण

जांघ की हड्डी को फीमर, जोड़ की मुख्य बड़ी हड्डी को टिबिया और नी कैप को पटेला कहते हैं। जांघ की हड्डी और नी कैप से मिल कर जो जोड़ बनता है, उसे पेटेलोफीमोरल जॉइंट कहते हैं। लगभग 20 फीसदी मरीज पेटेलोफीमोरल पेन सिंड्रोम (पीएफपीएस) के शिकार होते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह समस्या अधिक होती है। यह दर्द नी कैप और जांघ की हड्डी के बीच अधिक घर्षण होने के कारण होता है। इस वजह से पंजे की एड़ियों का पिछला हिस्सा, टखना, कूल्हे का ऊपरी हिस्सा, पेडू और पैरों के मध्य में दर्द बढ़ जाता है। नी कैप के जांघ की हड्डी से टकराने के कई कारण होते हैं। पीएफपीएस के अधिक होने का मुख्य कारण पैर की मांसपेशियों का प्रभावित होना है। ये मांसपेशियां एक तरह से हमारे शरीर का इंजन रूम होती हैं, जिनकी सक्रियता के कारण ही हमारी सक्रियता बनी रहती है। चलने से लेकर दौड़ने जैसी हर गतिविधि इन्हीं मांसपेशियों के कारण होती है। जब ये मांसपेशियां ढंग से काम नहीं करतीं तो घुटनों पर दबाव पड़ने लगता है। जांघ के बाहरी और सामने वाले हिस्से की मांसपेशियों पर काफी वजन पड़ता है, जिससे कई बार ये मांसपेशियां चोटिल हो जाती हैं व उनमें खिंचाव आ जाता है। उनका लचीलापन भी कम होने लगता है। मांसपेशियों में अकड़न बढ़ने से दर्द बढ़ने लगता है और मांसपेशियों की कार्यकुशलता कम होने लगती है। घुटने के जोड़ में दर्द भी होता है। आमतौर पर जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों की तुलना में बाहरी मांसपेशियां अधिक कड़ी हो जाती हैं। इस असंतुलन के कारण नी कैप बाहर की ओर उठने लगती है और चलते समय जांघ वाली हड्डी से टकराती है। इसी वजह से नी कैप और जांघ की हड्डी के बीच सूजन और दर्द बढ़ जाता है।

## उपचार का तरीका

फिजियोथेरेपिस्ट दर्द में आराम देने के लिए एक्यूप्रेशर या क्रॉस फ्रिक्शन मसाज तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें दर्द वाले हिस्से पर थोड़ा जोर देकर प्रेशर दिया जाता है। इसके अलावा मालिश से भी काफी आराम मिलता है। नियमित मालिश से मांसपेशियों की अकड़न वाले हिस्से में लचीलापन आ जाता है। कुछ आराम आने पर मांसपेशियों में मजबूती लाने के लिए स्ट्रेचिंग कराई जाती है। अपने डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट से आप घर में किए जाने वाले व्यायाम से राहत पा सकते हैं। आमतौर पर आराम आने में 12 से 16 सप्ताह का समय लग जाता है। घर में व्यायाम, डॉक्टर द्वारा की गयी सही जांच और फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा अपनाई गयी विभिन्न तकनीक और मसाज कूल्हे और टखने के लचीलेपन को बढ़ा देते हैं। स्थायी निजात पाने के लिए, नियमित व्यायाम करना ही सबसे बेहतर उपाय है। ऐसा करने पर घुटने के आसपास की सभी मांसपेशियां मजबूत हो जाती हैं।

## ये व्यायाम देंगे मांसपेशियों के दर्द से आराम



इलियोटिबियल बैंड को कूल्हे, जांघ और घुटने के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों का समूह समझा जा सकता है। इस हिस्से में होने वाले दर्द में राहत पाने के लिए फोम रोलिंग एक प्रभावी तरीका है। इसके लिए आपको एक ट्यूब की जरूरत होगी, जिसे फोम रोलर कहते हैं। यह आसानी से आपको किसी आसपास के स्पोर्ट्स स्टोर से मिल जाएगा। फोम रोलर पर इस तरह लेटें, जिससे आपके शरीर का पूरा वजन जांघ के बाहरी हिस्से पर रहे। जांघ के निचले हिस्से से शुरू कर रोलर को मूव करते हुए धीरे-धीरे ऊपरी हिस्से तक जाएं। हर पैर से ऐसा पांच मिनट तक करें। लगातार दर्द वाली जगह पर इस तरह रोल करना मांसपेशियों को आराम पहुंचाएगा।

### जांघ की सामने वाली मांसपेशियां

फोम रोलर पर इस तरह लेटें कि रोलर आपके दोनों घुटनों यानी नी कैप से थोड़ा ऊपर रहे। धीरे-धीरे ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक लाएं। ऐसा 5 से 10 मिनट तक करें।

### घुटने का लचीलापन बढ़ाएं

पेट के बल लेटें। पेट की मांसपेशियों को भीतर की ओर खींचें। एक घुटने को मोड़ते हुए पीछे की ओर ले जाएं और पैर से पंजे को पकड़ते हुए एड़ी को कूल्हे पर टिकाने का प्रयास करें। 30 से 60 सेकंड तक इस मुद्रा में रहें। फिर इसे दूसरे पैर से दोहराएं। ऐसा तीन बार करें।

### फोम रोलिंग, बाहरी कूल्हे के लिए

फोम रोलर पर इस तरह लेटें कि ये आपकी कूल्हे की हड्डी के पास हो। थोड़ा आगे और पीछे धीरे-धीरे मूव करें। हर तरफ से पांच मिनट ऐसा करें। इससे कूल्हे व कमर दोनों की मांसपेशियां मजबूत बनेंगी। दर्द कम होगा।

## विटामिन बी,बना है आपके लिए

ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-बी मौजूद हो, अस्थमा के मरीजों के भोजन का अहम हिस्सा होना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां और दालें, अस्थमा मरीजों को तनाव के जरिए होने वाले अटैक से बचाने में सहायक होती हैं। इस बात के भी साक्ष्य मिले हैं कि विटामिन बी6 और नियासिन (विटामिन बी3, निकोटिन और विटामिन पीपी) की कमी से भी अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।

## प्याज- खांसी पर वार,गले से प्यार

प्याज चाहे लाल हो या हरा, यह अस्थमा मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। प्याज में मौजूद सल्फर तत्व अस्थमा के मरीजों को जलन से राहत दिलाते हैं। यह बात साबित हो चुकी है कि प्याज का सेवन सांस संबंधी तकलीफों से भी राहत दिलाने वाला होता है।

## ओमेगा-3 फैटी एसिड- अस्थमा में दिलाए राहत

ओमेगा-3 फैटी एसिड फेफड़ों में होने वाली जलन और उत्तकों को होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। यह जानना बहुत जरूरी है लगातार जलन और खांसी से उत्तकों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते नियमित अस्थमा अटैक आते रहते हैं। यह मुख्य रूप से सलमन, मैक्रेल और ऐसी मछलियों में पाया जाता है जिनमें ऑयल की मात्रा अधिक होती है।

## मसालों को ना, सेहत को हां

मसाले गर्म होते हैं और अस्थमा मरीजों को इनसे दूर ही रहना चाहिए। मसाले खाने से, मुंह, गले और फेफड़ों की कोशिकाएं उत्तेजित हो जाती हैं, परिणामस्वरूप उनमें से साल्विया निकलने लगता है। साल्विया से बलगम पतला हो जाता है। तो, मसालेदार भोजन से दूर ही रहना चाहिए।


## दुग्ध उत्पाद, सेहत के साथ स्वाद

वसायुक्त दूध, मक्खन और अन्य दुग्ध उत्पाद अस्थमा होने से रोकते हैं। वे बच्चे जो वसायुक्त दुग्ध उत्पादों का सेवन करते हैं उन्हें सांस में घरघराहट संबंधी तकलीफें भी होने की आशंका कम होती है।

## कॉफी- मदद करती है काफी

अस्थमा अटैक होने पर कॉफी का सेवन बहुत मदद करता है। यह श्वसन प्रक्रिया को मदद पहुंचाता है। हालांकि कई डॉक्टर यह भी कहते हैं कि अगर आपके अटैक तनाव के कारण हो रहे हैं तो आपको कैफीन की अधिक मात्रा का सेवन नहीं करना चाहिए।

## कैसा हो अस्थमा के मरीजों का आहार



**अस्थमा को नियंत्रिण में रखने में भोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने आहार में समुचित बदलाव कर इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। ऐसे खाद्य पदार्थों की लिस्ट बहुत लंबी है जिनसे अस्थमा के मरीजों को दूर रहने की सलाह दी जाती है। ऐसी कई चीजें हैं जिनसे एलर्जी और अस्थमा अटैक पड़ने का खतरा होता है। तो, आइए जानते हैं कि आपकी रसोई में ऐसे कौन से खाद्य पदार्थ हैं जो आपको अस्थमा से लड़ने में मददगार हो सकते हैं।**

# अर्जेंटीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में मेसी को नहीं मिली जगह



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

लियोनेल मेसी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं।

▪ फुटबॉल : विश्व चैंपियन अल्वारेज, रूली, एचेवेरी, ओटामेंडी टीम में शामिल

इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेसी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा।



**कोलंबिया-ब्राजील ने खेला ड्रॉ** : सेंटा क्लारा। डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया।

## 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड

म्यूनिख। नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

## कोस्टा रिका कोपा अमेरिका से बाहर

ऑस्टिन। फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया। कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी 'सर्विस वैरिएशन' चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से 'शारीरिक और मानसिक अनुकूलन' पर फोकस बनाए हुए हैं। सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे 'टंबल', 'स्पिन' और 'वाइड' से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया।

### भारत के खिलाफ मैच था, सोते रहे तास्किन

**ढाका।** बांग्लादेश ने उप कप्तान तास्किन अहमद को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से कथित तौर पर इसलिए हटा दिया गया क्योंकि वह अधिक समय तक सोते रहे और टीम की बस मे सवार होने के लिए नहीं पहुंचे थे। इस दावे का हालांकि इस तेज गेंदबाज ने खंडन करते हुए कहा कि टीम संयोजन के कारण वह बाहर हुए। बाइस जून को एंटीगा के नॉर्थ साउंड में हुए मैच में बांग्लादेश को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने इस मैच में एक बदलाव करते हुए तास्किन की जगह जाकिर अली को खिलाया था।



### एशियाई चैंपियनशिप में जीते आडवाणी

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा, 'टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।'



### अभय-वेलावन को मिली शीर्ष वरीयता

**जोहोर।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

### विंबलडन : दिग्गज स्टेफी ग्राफ के नाम था शर्मनाक रिकॉर्ड

# वोंद्रोसोवा 30 साल में पहले दौर से बाहर होने वाली पहली गत चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

मार्केटा वोंद्रोसोवा 1994 से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होने वाली पहली महिला गत चैंपियन खिलाड़ी बनीं। ऑल इंग्लैंड क्लब पर 12 महीने पहले खिताब जीतकर सभी को हैरान करने वाली वोंद्रोसोवा को जेसिका बोजास मनेइरो ने 6-4, 6-2 से हराया। वोंद्रोसोवा पिछले साल घास के कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंडस्लैम को जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बनीं थी। वोंद्रोसोवा ने हालांकि मंगलवार को एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कराया। वर्ष 1964 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार विंबलडन की गत चैंपियन महिला खिलाड़ी को अगले साल पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी थी। दिग्गज स्टेफी ग्राफ को 30 साल पहले लोरी मैकनील के खिलाफ इस स्थिति का सामना करना पड़ा था। वोंद्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता मिली थी लेकिन तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई।




### नागल पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे।

### जेसिका ने रचा इतिहास

जेसिका ने अपने तीसरे ही ग्रैंडस्लैम में गत चैंपियन खिलाड़ी को हराया। उन्होंने इससे पहले दोनों ग्रैंडस्लैम में पहले दौर के मुकाबले गंवाए थे। जेसिका ने इससे पहले टूर स्तर पर ग्रास कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता और शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी को भी कभी नहीं हरा पाई थी।

### जोकोविच ने कोपरिवा को हराया



पुरुष वर्ग मे सात के बार चैंपियन नोवाक जोकोविच, चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवें वरीय ह्यूबर्ट हुरकाज ने अगले दौर में जगह बनाई। जोकोविच ने क्वालीफायर विट कोपरिवा को सीधे सेट में 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। पांच जून को दाएं घुटने की सर्जरी के बाद यह उनका पहला मैच था।

### मरे एकल से हटे, खेलेंगे युगल

एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।


# आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक



एजेंसी ▶▶| बेल्लारी

भारत के 30 'उच्च क्षमता वाले' तैराकों की पहचान की गई है जो 'मिजुहो एलीट कार्यक्रम' के तहत यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में ट्रेनिंग लेंगे जिससे कि उन्हें 2026 एशियाई खेलों तथा 2028 ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार किया जा सके। आईआईएस ने इसके लिए मिजुहो बैंक के साथ साझेदारी की है। दोनों ने 30 तैराकों की मदद के लिए साझेदारी की घोषणा की। वर्ष 2023 में शुरू किए गए आईआईएस तैराकी कार्यक्रम में दो अत्याधुनिक पूल हैं। प्रतिभाशाली युवा तैराक माना पटेल, कुशाग्र रावत, ईशान मेहरा, आस्था चौधरी, अश्मिता चंद्रा और बिक्रम चांगमई इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

## नीरज के पदक जीतने की संभावना : मैके



विजयनगर। 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' में 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। भारत का यह 26 साल का एथलीट पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद जून में प्रतियोगिताओं में वापसी की।

### सम्मान समारोह

# वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का रोड शो आज



एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

▪ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेगी टीम इंडिया

भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय टीम गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। इस विशेष उड़ान का इंतजाम बीसीसीआई ने किया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया के विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गई है। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं। फ्लाइट आज सुबह छह बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।'

### नरीमन पॉइंट पर खुली बस में रोड शो



शुक्ला ने कहा, 'नरीमन पॉइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' बीसीसीआई सचिव शाह ने सभी खेल प्रेमियों का गुरुवार की शाम 'विक्ट्री परेड' (जीत के जश्न में परेड) में जुड़ने का स्वागत किया। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया की विश्व कप जीत के जश्न में आयोजित 'विक्ट्री परेड' में हमारे साथ जुड़िए। चार जुलाई को शाम पांच बजे मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक पहुंच कर हमारे साथ जश्न मनाईए। तारीख याद रखिए।'

## प्रज्ञानानंदा ने बोगडान डेनियल से ड्रा खेला



*बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रा कराई। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और 38 चाल के बाद ड्रा खेलने में कामयाब रहा।*

**अक्टूबर में फीफा विंडो के दौरान तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय टीम**

# वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम अक्टूबर में फीफा विंडो के दौरान वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारत और वियतनाम के अलावा लेबनान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने यह जानकारी दी।

वियतनाम (116) और लेबनान (117) फीफा की ताजा विश्व रैंकिंग में भारत (124) से आगे हैं। एआईएफएफ ने भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में नहीं पहुंच पाने के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमक को बर्खास्त कर दिया था। उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें भारतीय टीम भाग लेगी।



एआईएफएफ ने अभी तक नए कोच की घोषणा नहीं की है और यह देखना होगा कि तीन देशों के टूर्नामेंट में कौन भारतीय कोच की भूमिका निभाता है। इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ खेलेगा जबकि 12 अक्टूबर को उसका सामना लेबनान से होगा। टूर्नामेंट का तीसरा मैच 15 अक्टूबर को वियतनाम और लेबनान के बीच खेला जाएगा।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की अस्थायी कार्यक्रम की घोषणा

# चैंपियंस ट्रॉफी : एक मार्च को होगा भारत-पाक मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्राफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जायेगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा।

पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गए हैं। नकवी को टी20 विश्व कप फाइनल देखने के लिए बारबाडोस में आमंत्रित किया गया था। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, 'पीसीबी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें सात मैच लाहौर में, तीन मैच कराची में और पांच मैच रावलपिंडी में रखे गये हैं।' सूत्र ने कहा, 'पहला मैच कराची में रखा गया है जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में जबकि फाइनल लाहौर में कराया जाएगा। भारत के सभी मैच (टीम के क्वालीफाई करने के स्थिति में सेमीफाइनल सहित) लाहौर में रखे गए हैं।' भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।



### भारत को छोड़कर सभी देशों का समर्थन

हाल में आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने पीसीबी चेयरमैन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी। इससे पहले विश्व संस्था की सुरक्षा टीम ने स्थल और अन्य इंतजामों का मुआयना किया था। पिछली बार पाकिस्तान ने 2023 में 'हाइब्रिड मॉडल' के हिसाब से एशिया कप की मेजबानी की थी जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा के बाहर यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के प्रतिभागी देशों के सभी बोर्ड प्रमुखों ने पूरा समर्थन दिया है लेकिन बीसीसीआई सरकार से सलाह मश्विरा करके आईसीसी को अपडेट करेगा।'

## खबर संक्षेप

### एआई ने उद्यमशीलता परिवेश को गति दी




**नई दिल्ली।** ओपनएआई के उपाध्यक्ष श्रीनिवास नारायणन ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा ने भारत में पहले से ही गतिशील उद्यमशीलता परिवेश को और गति दी है। कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के अत्यधिक इस्तेमाल के कई उदारहण मौजूद हैं। पूरे विश्व के लिए एक 'बेहतरीन मिसाल'' करार दिया।

### भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर बढ़ी



**नई दिल्ली।** नए ठेकों में मजबूत वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में अभूतपूर्व विस्तार के बीच भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून में तेजी से बढ़ी। मई में यह पांच महीने के निचले स्तर पर थी। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जून में बढ़कर 60.5 हो गया जो मई 60.2 था।

### जैक्सन ने एनएचपीसी के साथ किया समझौता

JAKSON EMPOWERING PEOPLE

**नई दिल्ली।** नवीन ऊर्जा बदलाव मंच जैक्सन ग्रीन ने 400 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी के साथ समझौता किया है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, जैक्सन ग्रीन ने एनएचपीसी लिमिटेड के साथ अपने पहले विद्युत क्रय समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं।

### भारत पर कर्ज का बोझ ज्यादा स्थिरता की समस्या नहीं: गुप्ता

**नई दिल्ली।** एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि



भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद का करीब 82 प्रतिशत के बराबर है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है।

### लोहुम 1,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश



**मुंबई।** लिथियम-आयन बैटरी पैक विनिर्माता तथा पुनर्चक्रण कंपनी लोहुम ने मैंगनीज आधारित लिथियम-आयन बैटरी विकसित करने तथा उसका विनिर्माण करने के लिए अगले तीन साल में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसने नई परियोजना में मदद के लिए टेस्ला के अनुभवी चैतन्य शर्मा को अपने साथ लिया है।

### अगले तीन वर्षों में अच्छा नहीं होगा इक्विटी रिटर्न



**मुंबई।** निवेशकों के लिए इक्विटी शेयर बाजार में रिटर्न अगले तीन साल में पिछले तीन वर्षों जितना अच्छा नहीं होगा। म्यूचुअल फंड कंपनी फ्रैंकलिन टेम्पलटन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। आर जानकीरमन ने कहा कि रिटर्न 'ठीक-ठाक' होगा और यह अन्य परिसंपत्ति वर्गों से बेहतर प्रदर्शन करेगा। यह बात ऐसे दिन आई हैं जब मानक सूचकांकों ने नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ और इक्विटी बाजार में उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं।

# राजकोषीय घाटा 4 प्रतिशत पर आया तो 24 महीने में भारत की साख में सुधार संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन करने और राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम रही तो अगले 24 महीने में भारत की रेटिंग में सुधार हो सकता है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक (सॉवरेन रेटिंग्स) यीफर्न फुआ ने एक बयान में कहा कि रेटिंग में सुधार के लिए सामान्य सरकारी घाटा जीडीपी के सात प्रतिशत से नीचे आना जरूरी होगा। इसके लिए केन्द्र सरकार को अधिक कदम उठाने होंगे। फुआ ने कहा, 'यदि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे को जीडीपी के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम हो तो हम अगले 24 महीने बाद उसकी साख को बढ़ाने पर विचार करेंगे।'

## रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जताई संभावना

### भारत तेजी से कर रहा वृद्धि

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) लुईस कुइज ने कहा कि भारत एशिया क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का असर पीछे छूट चुका है और वृद्धि गति पकड़ने की प्रक्रिया में है। कुइज ने कहा, 'हमने देखा कि वैश्विक महामारी का असर वृद्धि की रफ्तार पर पड़ा, खासकर भारत जैसे देशों में। भारत खोई हुई जमीन को वापस ले रहा है और चार साल पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से वृद्धि कर रहा है।'




*5.1 प्रतिशत पर आने की संभावना : केंद्र सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर आ जाएगा, जो 2023-24 में 5.63 प्रतिशत रहा था। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने मई में भारत के परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था। हालांकि उसने भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा था।*

### पिछले तीन वर्षों में 8 प्रतिशत की वृद्धि

फुआ ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले तीन वर्षों में औसतन आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जो घरेलू खपत तथा बुनियादी ढांचे में निवेश के कारण संभव हो पाया है। इससे जमीनी स्तर पर वास्तविक अंतर आया है। उन्होंने कहा, 'हम मध्यम अवधि में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि की संभावना देखते हैं।'

### 18 राज्यों का राजस्व 8 से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीदः क्रिसिल

कोलकाता। देश के शीर्ष 18 राज्यों का राजस्व चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आठ से 10 प्रतिशत बढ़कर 38 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। इन 18 राज्यों का भारत के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 90 प्रतिशत योगदान है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में इन राज्यों के राजस्व में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत जीएसटी संग्रह और केंद्र से वित्त के हस्तांतरण के कारण होगी, जो कुल राज्य राजस्व का करीब 50 प्रतिशत है।

## कारोबार के अंत में उछलकर 79,986.80 पर बंद

# सेंसेक्स पहली बार 80 हजार पार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा निफ्टी

### बाजार में चौतरफा तेजी

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। इसमें वित्तीय मामलों से संबंधित बड़ी कंपनियों की खास भूमिका रही। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख की 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति दो प्रतिशत पर आ जाने की टिप्पणी ने भी सकारात्मक धारणा पैदा की।*

*मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

इस तरह सेंसेक्स ने पिछले कुछ दिनों का अपना रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा है। सेंसेक्स ने 25 जून को पहली बार 78,000 का स्तर और 27 जून को 79,000 का स्तर पार किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 162.65 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 183.4 अंक बढ़कर 24,307.25 के नए शिखर पर पहुंच गया था।

### अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टूब्रो के शेयरों में गिरावट रही।

### सकारात्मक संकेतों से भारी उछाल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, सकारात्मक संकेतों से बाजार ने आधे प्रतिशत से ऊपर की बढ़त हासिल की। उत्साहजनक वैश्विक बाजारों के साथ बैंक शेयरों में मजबूती से बाजार को तगड़ी शुरुआत मिली और आखिर तक कमोबेश कायम रही।



### व्रज आयरन का शेयर पहले दिन 22 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। व्रज आयरन एंड स्टील का शेयर बाजार में कारोबार के पहले दिन बुधवार को निर्गम मूल्य 207 रुपये के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 15.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 240 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में बाद में यह अपने ऊपरी सर्किट 21.71 प्रतिशत चढ़कर 251.95 रुपए पर पहुंच गया। जबकि एनएसई में भी यह ऊपरी सीमा 21.73 प्रतिशत उछलकर 252 रुपए पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 831 करोड़ रुपये रहा।

*बाजारों में बढ़त-नुकसान*

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में नुकसान देखा गया। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।*

### एफआईआई में रही बिकवाली

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,000.12 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 34.74 अंक गिरकर 79,441.45 और निफ्टी 18.10 अंक घटकर 24,123.85 पर बंद हुआ था।

### बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड स्तर पर

शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 445.43 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार की तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,45,43,642.29 करोड़ रुपए (5.33 लाख करोड़ डॉलर) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' को टक्कर देने वाला 'कू' होगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ सोशल मीडिया ऐप को चालू रखने के लिए प्रौद्योगिकी लागत अधिक

सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' (अब एक्स) को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे 'अलविदा' कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा।

संस्थापकों ने लिखा है, 'हमने कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों तथा मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।' 'सोशल मीडिया ऐप को चालू रखने के लिए प्रौद्योगिकी सेवाओं की लागत अधिक है। इसलिए हमें यह कठिन निर्णय लेना पड़ा है।' एक समय ऐसा था जब करीब 21 लाख लोग रोजना 'कू' का इस्तेमाल करते थे। मंच पर कई मशहूर हस्तियों के खाते भी हैं।

### छोटी पीली चिड़िया को अंतिम अलविदा

संस्थापकों ने कहा, 'हम 2022 में भारत में ट्विटर को पछाड़ने से बस कुछ ही महीने दूर थे...पूंजी होने पर हम उस लक्ष्य को दोगुना गति से हासिल कर सकते थे।' कंपनी में कोष की कमी से योजनाओं को अंजाम देना मुश्किल हो गया। इससे मंच की वृद्धि धीमी हो गई। दोनों ने कहा, 'छोटी पीली चिड़िया अंतिम अलविदा कहती है।' मंच का प्रतीक चिन्ह (लोगो) छोटी पीली चिड़िया है।

# देश में खानपान सेवा बाजार 6 साल में 10 लाख करोड़ होने का अनुमान



■ ग्राहक आधार 45 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में खान-पान सेवा बाजार के 2030 तक 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। इस दौरान ग्राहक आधार 45 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

बेन एंड कंपनी और स्विगी की रिपोर्ट 'हाउ इंडिया ईट्स' (भारत में खानपान का रुझान) में कहा गया है कि ऑनलाइन खानपान वितरण क्षेत्र में संचयी रूप से 18 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। इसकी पहुंच 2023 में 12 प्रतिशत से बढ़कर 2030 तक 20 प्रतिशत हो जाएगी। खानपान सेवा बाजार में बाहर खाना और घर पर ऑर्डर करके मंगाना शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में खानपान सेवा बाजार का वर्तमान मूल्य 5.5 लाख करोड़ रुपये है। अगले सात वर्षों में इस कारोबार के सालाना 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2030 तक नौ से 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

### 2030 तक सेवा बाजार में 20 प्रतिशत का योगदान

रिपोर्ट में कहा गया, "यह वृद्धि मजबूत बुनियादी कारकों से प्रभावित होगी। इनमें विस्तारित ग्राहक आधार, बढ़ती खपत के अवसर और आपूर्ति में वृद्धि शामिल है। इसके अलावा ऑनलाइन खाद्य वितरण में 18 प्रतिशत सीएजीआर की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2030 तक कुल खानपान सेवा बाजार में 20 प्रतिशत का योगदान देगा।

# 500 मेगावाट सौर क्षमता की निविदा लाएगी सेकी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आर पी गुप्ता ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक 500 मेगावाट सौर तापीय क्षमता के लिए निविदा जारी की जा सकती है।

गुप्ता ने बुधवार को भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन द्वारा आयोजित भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2024 के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि भारत में पहली बार इस पैमाने पर इस तरह की निविदा जारी की जाएगी। गुप्ता ने नई सौर तापीय निविदाओं पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, "चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक निविदा जारी हो सकती है। सौर तापीय निविदा हुई हैं, लेकिन इस पैमाने पर नहीं।" उन्होंने कहा कि पहले की निविदाएं आकार में छोटी थीं और उनकी लागत भी बहुत अधिक थी।

# इस्मा का सरकार से चीनी निर्यात पर पुनर्विचार करने का आग्रह

■ विशेषज्ञों का अनुमान है कि 91 लाख टन का स्टॉक बच सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सरकार से चीनी निर्यात की अनुमति देने पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उसने कहा कि चीनी के अनुमानित अधिशेष भंडार और चीनी मिलों पर संभावित वित्तीय दबाव को देखते हुए निर्यात पर फिर से विचार करने की जरूरत है। जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ का अनुमान है कि सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सत्र में 36 लाख टन तक अधिशेष चीनी स्टॉक बचेगा,



जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि 91 लाख टन का स्टॉक बच सकता है। इस्मा ने एक बयान में कहा, 'यह अनुमानित अधिशेष चीनी भंडार... संभावित रूप से निष्क्रिय पुराने भंडार और वहन लागत के कारण मिलों के लिए अतिरिक्त लागत का कारण बन सकता है।

*पर्याप्त घरेलू स्टॉक : बल्लानी : इस्मा के महानिदेशक दीपक बल्लानी ने कहा कि निर्यात की अनुमति देने से पर्याप्त घरेलू स्टॉक भी सुनिश्चित होगा, एथनॉल कार्यक्रम को बनाए रखा जा सकेगा और समय पर किसानों को भुगतान करने के लिए मिलों की वित्तीय स्थिति मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह आह्वान ऐसे समय में किया गया है जब सरकार ने 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य 25 रुपये बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।*

## जापान ने दो दशक में पहली बार जारी किए नए बैंक नोट...



**टोक्यो।** जापान ने दो दशक में पहली बार बुधवार को नए बैंक नोट जारी किए। इनमें जालसाजी से निपटने के लिए '3-डी होलोग्राम' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने 10,000 येन, 5,000 येन और 1,000 येन के नए नोट की अत्याधुनिक जालसाजी-रोधी विशेषताओं की प्रशंसा करते हुए इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया। बैंक ऑफ जापान में उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि लोगों को नए नोट पसंद आएंगे और वे जापानी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होंगे।' स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, नए नोट के साथ पहले से चलन में मुद्रा भी वैध रहेगी। बैंक ऑफ जापान के गवर्नर काजुओ उएदा ने कहा, हालांकि दुनिया नकदी रहित लेन-देन की ओर बढ़ रही है, लेकिन हमारा मानना है कि कहीं भी तथा कभी भी सुरक्षित भुगतान के लिए नकदी अब भी महत्वपूर्ण है।

# तिमाही में भारतीय रियल एस्टेट संस्थागत निवेश 20 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोदामों और आवासीय परियोजनाओं में अधिक निवेश आने से अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2.52 अरब डॉलर हो गया। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस साल अप्रैल-जून तिमाही में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 252.85 करोड़ डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के 210.64 करोड़ डॉलर से 20 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य अवधि में



कार्यालय संपत्तियों में निवेश 190.02 करोड़ डॉलर से 83 प्रतिशत घटकर सिर्फ 32.96 करोड़ डॉलर रहा। हालांकि, आवासीय क्षेत्र में संस्थागत निवेश 7.23 करोड़ डॉलर से कई गुना बढ़कर 54.35 करोड़ डॉलर हो गया। इस अवधि में औद्योगिक और गोदाम परियोजनाओं में संस्थागत निवेश भी एक साल पहले के 13.39 करोड़ डॉलर से 11 गुना बढ़कर 153.31 करोड़ डॉलर हो गया।

### निवेशकों का विश्वास बढ़ा

कोलियर्स इंडिया ने कहा, /"बेहतर गुणवत्ता वाली परिसंपत्तियों और विकसित आपूर्ति श्रृंखला मॉडल की बढ़ती मांग के बीच इस क्षेत्र में निवेशकों का विश्वास काफी बढ़ा है। स्वस्थ मांग के साथ वैश्विक और घरेलू निवेशक औद्योगिक एवं गोदाम परिसंपत्तियों के एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने जा रहे हैं।

## शोधपत्र 'बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार' पर केंद्रित

# भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई : एनसीएईआर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई।

■ 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षणकी हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र 'बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार' पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई।

महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद इसमें गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। सामाजिक बदलाव की रफ्तार के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी।

### मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है। तेंदुलकर समिति ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को क्रमशः 447 रुपये और 579 रुपये निर्धारित किया था। बाद में योजना आयोग ने 2011-12 के लिए इसे बढ़ाकर 860 रुपये और 1,000 रुपये कर दिया था।



**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हुआ : सुब्रह्मण्यम**
नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। और विकास हुआ है।

### सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 300 की तेजी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 50 रुपए की तेजी के साथ 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी 300 रुपए बढ़कर 91,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतें (24 कैरेट) 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपए अधिक है।'

आयोजन का मकसद अंतर्राष्ट्रीय एआई एक्सपर्ट के बीच सहयोग को बढ़ावा देना

# नई दिल्ली में दो दिवसीय ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन शुरु



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की देखरेख में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की शुरूआत 3 जुलाई से हो गई है। बता दें कि ग्लोबल इंडिया एआई समिट 2024' का इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रेस वार्ता के विज्ञप्ति अनुसार, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है, जो नैतिक और समावेशी एआई विकास के लिए भारत के समर्पण को मजबूत करेगा।

### एआई में भारत अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक भागीदारी के प्रमुख अध्यक्ष के रूप में भारत विश्वसनीय एआई प्रथाओं के लिए जीपीएआई की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए सदस्य देशों और विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई क्षेत्र में अग्रणी होने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है और यह सुनिश्चित करने के देश के लक्ष्य पर जोर देता है कि एआई लाभ सभी के लिए सुलभ हों, जिससे देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिले। शिखर सम्मेलन का केंद्र इंडिया एआई मिशन है, जो एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए डिजाइन की गई पहल है जो पूरे देश में एआई नवाचार को बढ़ावा देती है।*

### एआई से समाज को सुरक्षित बढ़ाने पर ध्यान

ग्लोबल इंडियाएआई समिट 2024 विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षाविदों सहित विविध क्षेत्रों के हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। ये विशेषज्ञ प्रमुख एआई मुद्दों पर चर्चा करने, अंतर्दृष्टि साझा करने और एआई पारिस्थितिकी तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए एकत्रित होंगे। इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके, भारत वैश्विक एआई समुदाय में एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि कर रहा है, जो समाज के लिए सुरक्षित, संरक्षित और लाभकारी प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### एआई क्षमताओं को विकसित करने का लक्ष्य

*प्रेस रिलीज में कहा गया है कि यह मिशन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाने, डेटा की गुणवत्ता बढ़ाने, स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करने, शीर्ष एआई प्रतिभाओं को आकर्षित करने, उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने, स्टार्टअप को जोखिम पूंजी प्रदान करने, एआई परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव को सुनिश्चित करने और नैतिक एआई प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इंडियाएआई मिशन सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, जिनमें से प्रत्येक एआई विकास और परिनियोजन के एक महत्वपूर्ण पहलू को लक्षित करता है।*

### एआई की चुनौती

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर के राष्ट्र और समाज एआई से उत्पन्न होने वाले नए खतरों और जोखिमों के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान केवल सामूहिक वैश्विक प्रयासों से ही आ सकता है।*






## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान की जेल से 19 कैदी फरार



**कराची।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए हैं। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से कहा कि वह उसकी लस्सी बैरेक तक ला दे। जब पहरेदार ऐसा करने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरेक का ताला भी खोल दिया।

### कजाकिस्तान में शहबाज से मिले पुतिन



**अस्ताना।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे के साथ संबंधों की तारीफ की। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने व्यापार को बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने वस्तु विनिमय प्रणाली के तहत व्यापार को बढ़ाने का सुझाव दिया।

राणा पर मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप

# मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर को लाया जाएगा भारत

*हमले का दोषी राणा फिलहाल अमेरिका की कैद में हैं, षड्यंत्रकारी कोलमैन का साझेदार रहा*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमलों में शामिल पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को भारत लाने की तैयारी है। तहव्वुर राणा पर साल 2008 में हुए मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है। अमेरिका के सहायक अटॉर्नी ब्रैम एल्डेन ने न्यायालय को बताया कि भारत-अमेरिका की प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

तहव्वुर को भारत प्रत्यर्पित करने के भारत सरकार के अनुरोध को अमेरिकी सरकार ने मंजूर कर लिया था, लेकिन इसके खिलाफ राणा ने अमेरिका की जिला अदालत में याचिका दायर कर दी थी, जिसके कारण राणा का प्रत्यर्पण अटक गया था। अब सुनवाई के दौरान अमेरिकी वकील एल्डेन ने कोर्ट को बताया कि राणा को संधि के प्रावधानों के तहत भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

### पाक और कनाडा से जुड़े हैं तार

पाकिस्तानी मूल के कनाडाई तहव्वुर राणा (63) अभी लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। राणा पर मुंबई हमलों की साजिश रचने में शामिल होने का आरोप है। पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से तहव्वुर राणा का नाम जुड़ा है। हेडली ने यह कई बार बयान में स्वीकार किया। हेडली ही रेकी करने के लिए मुंबई आया था। इस आतंकी हमले में मुंबई में 166 लोगों की मौत हुई थी और 239 लोग घायल हुए थे। आतंकियों ने ताज होटल, कई बार, रेस्तरां और चबाड हाउस पर हमला किया था। मरने वालों में अमेरिका के भी 6 लोग थे। आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा गया था, जिसे बाद में फांसी दे दी गई थी। अब अदालत ने आरोपी को भारत प्रत्यर्पित करने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। अब जल्द ही उसे भारत लाया जा सकता है।

### अमेरिकी वकील ने कोर्ट में दी दलील

अमेरिकी वकील एल्डेन ने 5 जून को कोर्ट में दलीलें पेश करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका दोनों संधि के प्रावधान पर सहमत हुए हैं। अभी लॉस एंजिलिस की जेल में बंद राणा मुंबई हमलों में अपनी संलिप्तता के आरोपों का सामना कर रहा है। बीच में उसने प्रत्यर्पण के खिलाफ कोर्ट में याचिका डाली थी, जिसे अस्वीकार कर लिया गया है।

जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री से की अहम बात

# यूक्रेन वार जोन में फंसे भारतीय जल्द लौटेंगे वतन

> दो साल से अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में आज भी कई भारतीय मौजूद हैं। उनको सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष के साथ बातचीत की

◆ मंत्री जयशंकर ने उठाया भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दो साल से अधिक समय से रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के कारण अब भी कई भारतीय वहां फंसे हुए हैं। उनको सुरक्षित स्वदेश लाने की कोशिश होती रही है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वार जोन में मौजूद भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए रूसी विदेश मंत्री के साथ बातचीत की है। उन्होंने इस बातचीत में रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में मौजूद भारतीयों का मसला उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

विदेश मंत्री जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने मंगलवार को यहां पहुंचे। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समकालीन मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। दिसंबर 2023 में हमारी आखिरी मुलाकात के बाद से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा की'' दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर रूसी समकक्ष के अहम मसलों पर बातचीत करते हुए।

### भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की

विदेश मंत्री जयशंकर ने पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी जो अभी युद्ध क्षेत्र में हैं उनकी सुरक्षित तथा जल्द वापसी पर जोर दिया। उन्होंने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की।इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को यहां कजाखस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार तथा विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की थी। जयशंकर ने नूरतलेउ के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। नूरतलेउ विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं।

### रूस की सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती पर रोक

*विदेश मंत्रालय ने दो भारतीयों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा था कि भारत ने रूस के साथ इस मामले को दृढ़ता से उठाया है और रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीय नागरिकों की शीघ्र वापसी की मांग की है। भारत ने यह भी मांग की है कि रूसी सेना द्वारा "भारतीय नागरिकों की आगे किसी भी भर्ती पर रोक लगायी जाए" तथा ऐसी गतिविधियां "हमारी साझेदारी के अनुरूप" नहीं होंगी। जून मध्य तक रूसी सेना के साथ सहायक के रूप में काम करने वाले कुल 10 भारतीयों को मुक्त कर दिया गया है और भारत वापस भेज दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी में पुश्किन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ भारतीय समुदाय के सदस्य तथा भारत के मित्र भी कार्यक्रम में शामिल हुए।*

सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का मकसद

# मेघालय में शुरू हुआ भारत और मंगोलिया का संयुक्त युद्धभ्यास



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमेडिक एलिफेंट' का 16वां संस्करण आज मेघालय के उमरोई में शुरू हुआ। 16 जुलाई तक चलने वाले इस अभ्यास का उद्देश्य अर्ध-शहरी या पहाड़ी क्षेत्रों में तत्काल कार्रवाई के लिए संयुक्त सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना है।

### मेजर जनरल प्रसन्ना जोशी ने अभ्यास समारोह में भाग लिया

*सिक्किम स्काउट्स' की एक बटालियन के 45 कर्मियों के साथ-साथ अन्य हथियारों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया, भारतीय दल 150 त्वरित प्रतिक्रिया बल बटालियन के मंगोलियाई समकक्ष के साथ हाथ मिलाता है। दोनों सेनाओं के बीच आखिरी अभ्यास जुलाई 2023 में आयोजित किया गया था। भारत में मंगोलिया के राजदूत महामहिम डंबजाविन गैनबोल्ड और भारतीय सेना के 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना जोशी ने 'नोमैडिक एलीफेंट' नामक अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर ध्यान केंद्रित करेगा।*

ग्लोबल टेंडर जारी करने की तैयारी

# भारत के मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट प्रोग्राम को जल्द लग सकते हैं पंख!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) प्रोग्राम के लिए जल्द ही अच्छी खबर सामने आ सकती है। राफेल फाइटर जेट बनाने वाली फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी दसॉ एविएशन ने उत्तर प्रदेश में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा स्थापित करने के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। कंपनी ने इसके भूमि अधिग्रहण के लिए आवेदन भी कर दिया है। वहीं, जेवर हवाई अड्डे के पास जो एमआरओ सुविधा बनाई जाएगी, उसमें भारत के मिराज 2000 और राफेल लड़ाकू जेट विमानों के बेड़ों की मेंटेनेंस होगी।



### सरकार ला सकती है नई पॉलिसी

रक्षा सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार के पास लंबे समय से पांचवी पीढ़ी के ट्विन इंजन 114 मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) खरीदने का प्रस्ताव लंबित पड़ा हुआ है। वहीं कई निर्माताओं से सौदे को लेकर बात बन नही पा रही थी। अलग-अलग कंपनियों से टुकड़ों-टुकड़ों में जहाज खरीद के सौदों से आजिज आ चुकी सरकार नई नीति बनाने की तैयारी कर रही है।

### राफेल का इंजन भारत में बनेगा

फ्रांस की मैक्रों सरकार और दसॉ ने भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय स्तर पर खरीदे गए पार्ट्स के साथ "मेक इन इंडिया" के तहत भारत में राफेल लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की लिखित पेशकश की है। इंजन निर्माता सफरॉन एसए हैदराबाद में राफेल लड़ाकू विमानों के इंजन की मरम्मत के लिए भी एक एमआरओ सुविधा बना रही है, जो 2025 तक बन कर तैयार हो जाएगी। सफरॉन के मुताबिक अगर भारतीय वायुसेना के लिए राफेल फाइटर जेट का ऑर्डर आता है, तो वह भारत में एम-88 इंजन बनाने के लिए तैयार है।

स्पेसक्रॉफ्ट में तकनीकी खराबी से वापसी नहीं

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, स्पेस में रुकना हो सकता है खतरनाक





एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

सुनीता विलियम्स लंबे समय से अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ अंतरिक्ष में फंस गई हैं।

शुरुआत में उनका मिशन महज 8 दिनों का था, लेकिन स्पेसक्रॉफ्ट में तकनीकी खामी की वजह से अभी तक वह अंतरिक्ष से वापस नहीं आ सकी हैं। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की बोइंग स्टारलाइनर की पहली उड़ान के साथ 5 जून को यह यात्रा शुरु हुई थी।

लेकिन स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी की वजह से वापसी का मिशन रोकना पड़ा। सुनीता विलियम्स अपने साथी के साथ इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में सुरक्षित हैं, लेकिन उनके लिए ज्यादा दिन स्पेस में रुकना खतरनाक साबित हो सकता है।

### माइक्रोग्रैविटी और रेडिएशन का खतरा बड़ी चुनौती

अंतरिक्ष यात्री जब स्पेस में जाते हैं तो वहां का वातावरण धरती से बिलकुल अलग है, तमाम सुरक्षा उपकरणों के बावजूद ज्यादा दिन तक स्पेस में नहीं रहा जा सकता है। क्योंकि स्पेस में माइक्रोग्रैविटी और रेडिएशन का खतरा मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आते हैं। स्पेस स्टेशन पर लंबे समय तक रुकना खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता है।

### अंतरिक्ष में हड्डियां हो जाती हैं कमजोर

अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने के बाद इसका गंभीर असर दिखाई पड़ता है। कई बार स्पेस यात्री जमीन पर खड़े नहीं हो पाते हैं या उनको बेहोशी आने लगती है।
माइक्रोग्रैविटी का मांसपेशियों पर भी गंभीर असर पड़ता है, इसकी वजह से अंतरिक्ष यात्रियों की मांशपेशियां पैरों और पीठ में विशेष तौर पर कमजोर हो जाती हैं। इसकी वजह से हड्डियों को भी नुकसान पहुंचता है। विशेष रूप से रीढ़ और श्रोणि जैसी वजन उठाने वाली हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए आज मतदान, कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी में टक्कर

# यूके में जारी रहेगा भारतवंशी का राज या बदलेगा रिवाज

ऋषि सुनक, कीर स्टर्मर और फरेज के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटेन में आज (4 जुलाई ) को आम चुनाव के लिए मतदान होना है। आम चुनाव में सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी और विपक्षी लेबर पार्टी में टक्कर है।

हालांकि चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी को बहुमत मिलने का दावा किया जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व ऋषि सुनक और लेबर पार्टी का नेतृत्व कीर स्टर्मर कर रहे हैं। तो आइए जानते हैं कि ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव में किन बड़े चेहरों पर पूरी दुनिया की निगाहें होंगी।



### कीर स्टर्मर

लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर एक पूर्व मानवाधिकार वकील और मुख्य जन अभियोजक रह चुके हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी को बहुमत मिलने का दावा किया गया है। ऐसे में बहुत संभावना है कि ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री कीर स्टर्मर बन सकते हैं।



### ऋषि सुनक

कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक एक बार फिर देश का पीएम बनने की रेस में हैं। हालांकि सर्वे में बताया गया है कि इस बार उनकी राह बेहद मुश्किल है। अक्तूबर 2022 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन में बढ़ती महंगाई पर काबू करने का दावा

### निगेल फरेज

*यूरोपीय संसद के पूर्व सांसद 60 वर्षीय निगेल फरेज को ब्रिटेन की राजनीति के सबसे विभाजनकारी नेताओं में गिना जाता है। 2016 में ब्रिटेन के अधिकांश लोगों को यूरोपीय संघ छोड़ने के लिए वोट देने के लिए राजी करने में मदद करने के बाद उन्हें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिस्टर ब्रेग्जिट उपनाम मिला। कल के चुनाव में वह आठवीं बार सांसद बनने की कोशिश कर रहे हैं। वे कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी के प्रमुख हैं। कई सर्वेक्षणों में दावा किया जा रहा है कि रिफॉर्म यूके पार्टी कई प्रमुख सीटों पर कंजर्वेटिव पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है। फरेज पर नस्लवादी और समलैंगिक विरोधी बयान देने के भी आरोप लगते रहे हैं।*



### 100 से अधिक भारतीय सांसद लड़ रहे चुनाव

जिस देश ने 200 साल तक दुनिया भर में राज किया था। आज वहीं ब्रिटेन की संसद में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि ऋषि सुनक समेत भारतीय मूल के कुल 107 उम्मीदवार आम चुनाव लड़ने जा रहे हैं। संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में कुल 15 भारतीय सांसद हैं। वहीं, इस बार कंजरवेटिव पार्टी के 30 ब्रिटिश भारतीय प्रत्याशी आम चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इसमें 23 नए चेहरे है। वहीं, लेबर पार्टी के 33 ब्रिटिश भारतीय प्रत्याशी है, जिसमें 26 नये चेहरों को मौका दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)